लोग चाहते हैं कि मैं बेहतर करूं, लेकिन वो कभी नहीं चाहते कि मैं उनसे बेहतर करूं।

देश का प्रमुख दैनिक समाचार-पत्र

जनहित का सजग प्रहरी

# जन जन जागरण

Web Site: www.janjanjagran.com | भोपाल और झांसी से एक साथ प्रकाशित | भोपाल, रविवार 31 मई 2026 | वर्ष-36 अंक-280 पृष्ठ-08 मूल्य 3 रुपए

# दिल्ली में दहलाने की साजिश नाकाम:

# आईएसआई-अंडरवर्ल्ड के आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

## पाकिस्तान से संचालित नेटवर्क पर स्पेशल सेल का बड़ा प्रहार, 8 गिरफ्तार; ग्रेनेड, ग्लॉक पिस्टल और पाकिस्तान निर्मित कारतूस बरामद

**नई दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली समेत मुंबई, पंजाब और चंडीगढ़ को दहलाने की एक बड़ी साजिश को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने समय रहते नाकाम कर दिया है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई, अंडरवर्ल्ड नेटवर्क और पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शाहजाद भट्टी से जुड़े एक अंतरराष्ट्रीय मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई को हाल के वर्षों में आतंकी और अंडरवर्ल्ड गठजोड़ के खिलाफ सबसे बड़ी सफलताओं में से एक माना जा रहा है।

स्पेशल सेल की जांच में खुलासा हुआ है कि यह नेटवर्क दिल्ली, मुंबई, पंजाब और चंडीगढ़ में सरकारी प्रतिष्ठानों, सुरक्षा एजेंसियों के ठिकानों और पुलिसकर्मियों को निशाना बनाकर ग्रेनेड हमले और फायरिंग की घटनाओं को अंजाम देने की तैयारी कर रहा था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार हैंड ग्रेनेड, दो अत्याधुनिक ग्लॉक पिस्टल, 24 जिंदा कारतूस, चोरी के वाहन और पाकिस्तान स्थित हैंडलरों से हुई बातचीत वाले मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

### दिल्ली से पाकिस्तान तक फैला नेटवर्क

विशेष पुलिस आयुक्त अनिल शुक्ला के अनुसार खुफिया एजेंसियों से मिले इनपुट के बाद स्पेशल सेल ने इस नेटवर्क की निगरानी शुरू की थी। जांच में पता चला कि पाकिस्तान और दुबई में बैठे हैंडलर भारत में आतंकी और आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए युवाओं की भर्ती कर रहे थे। तकनीकी सर्विलांस और मानव खुफिया तंत्र की मदद से पूरे नेटवर्क की गतिविधियों पर नजर रखी गई।

सबसे पहले 14 मई को महाराष्ट्र के पुणे से विजय उर्फ शूटर को गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि उसे दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में आतंकी गतिविधियों के संचालन और नए लोगों की भर्ती की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। इसके बाद झारखंड से

नीतीश पासवान को पकड़ा गया।

### मुंबई कनेक्शन से खुला बड़ा राज

जांच आगे बढ़ी तो मुंबई से दो अन्य संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सामने आया कि दोनों पाकिस्तान स्थित हैंडलरों और अंडरवर्ल्ड से जुड़े लोगों के संपर्क में थे। इन्हें संवेदनशील ठिकानों पर हमले की जिम्मेदारी दी गई थी।

इन आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस को पता चला कि पंजाब से एक और टीम दिल्ली पहुंचने वाली है। इसके बाद स्पेशल सेल ने महरौली-बदरपुर रोड पर जाल बिछाकर तीन और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार ये लोग राजधानी में सुरक्षा प्रतिष्ठानों और सुरक्षाबलों को निशाना बनाने की तैयारी में थे।

### नेपाल कनेक्शन ने बढ़ाई चिंता

पूरे ऑपरेशन में सबसे चौंकाने वाला खुलासा नेपाल कनेक्शन का हुआ। जांच के दौरान नेपाल के नागरिक आंग कामी लामा को गिरफ्तार किया गया। आरोप है कि वह नेटवर्क के लिए सुरक्षित ठिकाने और आर्थिक मदद की व्यवस्था करता था। उसके पुराने अंतरराष्ट्रीय आपराधिक संबंधों ने जांच एजेंसियों की चिंता और बढ़ा दी है।

### दाऊद कनेक्शन भी आया सामने

जांच एजेंसियों के अनुसार इस पूरे मॉड्यूल का संचालन पाकिस्तान में बैठे अंडरवर्ल्ड ऑपरेटिव मुन्ना झिंगाड़ा और उसके सहयोगियों द्वारा किया जा रहा था। मुन्ना झिंगाड़ा का नाम लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय अपराध जगत में चर्चित रहा है और उसे अंडरवर्ल्ड सरगना दाऊद इब्राहिम का करीबी माना जाता है। पुलिस अब इस नेटवर्क की फंडिंग, भर्ती और विदेशी संपर्कों की गहराई से जांच कर रही है।

### बड़े हमले से पहले टूटी साजिश

जांच में मिले इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से संकेत मिले हैं कि आरोपियों ने कई संवेदनशील स्थानों की रेकी और वीडियोग्राफी भी की थी। इससे आशंका जताई जा रही है कि देश के प्रमुख शहरों में किसी बड़े हमले की तैयारी चल रही थी। हालांकि स्पेशल सेल की समय पर की गई कार्रवाई ने इस साजिश को अंजाम तक पहुंचने से पहले ही ध्वस्त कर दिया।

### बरामदगी ने खोले नेटवर्क के राज

कार्रवाई के दौरान बरामद हथियारों और विस्फोटक सामग्री ने जांच एजेंसियों को कई अहम सुराग दिए हैं। बरामद ग्रेनेड और कारतूस पाकिस्तान निर्मित बताए जा रहे हैं, जबकि मोबाइल फोन में विदेशी हैंडलरों से लगातार संपर्क के प्रमाण मिले हैं।

राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियां अब इस मॉड्यूल के अन्य सदस्यों और विदेश में बैठे संचालकों तक पहुंचने की कोशिश कर रही हैं। पुलिस का मानना है कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ में आने वाले दिनों में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

देश की राजधानी को निशाना बनाने की इस साजिश के विफल होने से एक बार फिर साबित हुआ है कि आतंकी और अंडरवर्ल्ड नेटवर्क लगातार नए तरीकों से भारत की सुरक्षा को चुनौती देने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन सुरक्षा एजेंसियों की सतर्कता ने एक संभावित बड़े खतरे को समय रहते टाल दिया।

## ब्रीफ न्यूज़

### डीके शिवकुमार तीन जून को लेंगे मुख्यमंत्री पद की शपथ

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में शनिवार को वरिष्ठ नेता डी.के. शिवकुमार को कांग्रेस विधायक दल ने अपना नेता चुन लिया है। अब वह राज्य के नए मुख्यमंत्री होंगे। शिवकुमार 3 जून को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने बेंगलुरु में आयोजित कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की बैठक के बाद इसकी औपचारिक घोषणा की। उन्होंने बताया कि विधायक दल की बैठक में कार्यवाहक मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने डी.के. शिवकुमार के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसका समर्थन वरिष्ठ कांग्रेस नेता जी. परमेश्वर ने किया। इसके बाद उपस्थित सभी विधायकों ने सर्वसम्मति से शिवकुमार के नाम पर अपनी सहमति जताई।

### आसमान में रविवार की रात दिखेगा साल का सबसे छोटा ब्लू माइक्रोमून

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वाले लोगों के लिए रविवार, 31 मई की रात बेहद खास होने जा रही है। इस दौरान आसमान में अद्भुत नजारा देखने को मिलेगा। आकाश में ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष की पूर्णिमा का चंद्रमा ब्लू माइक्रोमून के रूप में दिखाई देगा। यह साल 2026 का सबसे छोटा फुलमून होगा।

मध्य प्रदेश की नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने शनिवार को इस खगोलीय घटना की जानकारी देते हुए बताया कि ब्लू मून नाम सुनकर लोग यह न समझें कि चांद नीले रंग का दिखेगा। यह सिर्फ एक पारंपरिक नाम है। जब एक ही अंग्रेजी कैलेंडर महीने में दो पूर्णिमा आती हैं, तो दूसरी पूर्णिमा के चांद को ब्लू मून कहा जाता है। इसका कारण यह है कि दो लगातार पूर्णिमाओं के बीच का समय लगभग 29.5 दिन होता है। इस महीने पहली पूर्णिमा एक मई को थी और रविवार, 31 मई को यह दूसरी पूर्णिमा है।

### पश्चिम बंगाल में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने लांच किया 'स्वच्छता' ऐप

**कोलकाता।** केंद्रीय ऊर्जा तथा आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को कोलकाता में पश्चिम बंगाल के लिए 'स्वच्छता' ऐप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, नगर विकास मंत्री अग्निमित्रा पॉल, ऊर्जा मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल और दामोदर घाटी निगम के अध्यक्ष सुरेश कुमार सहित कई वरिष्ठ अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### मुझे जान से मारना चाहते थे, हाई कोर्ट-सुप्रीम कोर्ट तक जाऊंगा: अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर में मृत तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ता के परिवार से मिलने पहुंचे अभिषेक बनर्जी को शनिवार को विरोध प्रदर्शन और कथित हमले का सामना करना पड़ा। घटना के बाद अभिषेक बनर्जी ने आरोप लगाया कि उन पर ईंट-पत्थर फेंके गए और स्थिति इतनी गंभीर थी कि उनकी जान को खतरा हो सकता था। उन्होंने मामले को लेकर उन्होंने कलकत्ता उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाने की घोषणा की।

### केंद्र सरकार ने कपास के आयात पर सीमा शुल्क हटाया

**नई दिल्ली।** भारतीय कपड़ा क्षेत्र में कपास की उपलब्धता बढ़ाने और बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के उद्देश्य से केंद्र सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरकार ने कपास के आयात पर लगने वाले सभी सीमा शुल्क तथा कृषि अवसंरचना एवं विकास उपकर (एआईडीसी) से अस्थायी रूप से पूर्ण छूट देने की घोषणा की है। कपड़ा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आधिकारिक अधिसूचना के अनुसार, वित्त मंत्रालय (राजस्व विभाग) द्वारा लागू किया गया यह प्रावधान 1 जून, 2026 से प्रभावी होगा और 31 अक्टूबर, 2026 तक लागू रहेगा।

सरकार का कहना है कि इस अस्थायी छूट का मुख्य उद्देश्य घरेलू बाजार में कपास की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करना है, ताकि उद्योग को कच्चे माल की कमी का सामना न करना पड़े। इस कदम से कपड़ा और परिधान क्षेत्र की उत्पादन लागत में कमी आने की उम्मीद है।

## गुजरात के सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ और तस्करी पूरी तरह रुकी, जनसांख्यिकीय बदलावों पर रखें कड़ी नजर:अमित शाह

**भुज।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सीमा पर बाड़बंदी, समुद्री सुरक्षा और राज्य सरकार की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति के कारण गुजरात की सुरक्षा स्थिति में बड़ा बदलाव आया है तथा राज्य में घुसपैठ और सीमा पार तस्करी पूरी तरह बंद हो चुकी है।

अमित शाह ने यह बात गुजरात के भुज में भारत-पाकिस्तान सीमा से लगे गुजरात के सीमावर्ती और तटीय जिलों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा बैठक में कहीं। बैठक में गुजरात के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी तथा कच्छ, वाव-थराद और पाटन के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक उपस्थित रहे। बैठक में सीमा प्रबंधन को और अधिक मजबूत बनाने, चुनौतियों और उभरते खतरों पर

विस्तार से चर्चा की गई।

अमित शाह ने अंतरराष्ट्रीय सीमा से शून्य से 15 किलोमीटर के दायरे में सभी अवैध अतिक्रमणों को शून्य सहनशीलता नीति के तहत हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में कट्टरपंथी गतिविधियों और उनके केंद्रों पर भी कड़ी निगरानी रखने पर जोर दिया।

गृह मंत्री ने कहा कि सीमावर्ती जिलों में जनसांख्यिकीय परिवर्तन सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। उन्होंने जिलाधिकारियों को ऐसे बदलावों की नियमित निगरानी और रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में हो रहा रिवर्स माइग्रेशन स्वागतयोग्य है।

उन्होंने कहा कि पुलिस थाने स्तर से लेकर पटवारी तक सभी को समन्वित रूप से कार्य करते हुए पहले से बसे अवैध घुसपैठियों की पहचान और उन्हें वापस भेजने की प्रक्रिया को सुनिश्चित करना चाहिए। साथ ही प्रत्येक सीमावर्ती जिले की विशेष चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए स्थानीय प्रशासन को मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करनी चाहिए, जिससे घुसपैठियों, ड्रोन और मादक पदार्थों से जुड़े खतरों की प्रभावी पहचान और रोकथाम हो सके।

## पत्रकारिता पेशा नहीं, राष्ट्र चेतना का आंदोलन है: सिंधिया

### हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने पर विशेष डाक टिकट जारी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर शनिवार को विशेष डाक टिकट जारी किया। इस अवसर पर हिंदी पत्रकारिता की दो शताब्दियों की यात्रा को समर्पित पुस्तक 'हिंदी पत्रकारिता ¬ 200 वर्षों की महागाथा' का लोकार्पण भी किया गया। साथ ही वरिष्ठ लेखक श्रीकांत सिंह की पुस्तक और भारतीय जन संचार संस्थान के हिंदी पत्रकारिता द्विशताब्दी विशेषांक का भी विमोचन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन इंदिरा

गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) और माधवराव सप्रे स्मृति समाचारपत्र संग्रहालय एवं शोध संस्थान द्वारा आईजीएनसीए के समवेत सभागार में किया गया। कार्यक्रम में भारतीय जन संचार संस्थान की कुलपति प्रज्ञा पालीवाल भी उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि हिंदी पत्रकारिता का इतिहास देश के इतिहास की गाथा है। यह केवल किसी भाषा या माध्यम की यात्रा नहीं, बल्कि भारत की चेतना, विचार और राष्ट्रीय जागरण की यात्रा है। यह आयोजन कोई औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की वैचारिक स्वतंत्रता का उत्सव है। उन्होंने कहा कि जब उनके समक्ष उदंत मार्तण्ड के द्विशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में डाक टिकट जारी करने का प्रस्ताव आया तो उन्होंने इसे केवल एक प्रशासनिक औपचारिकता नहीं, बल्कि राष्ट्र की वैचारिक परंपरा को नमन करने का अवसर माना।

## डिजी यात्रा का उपयोग 10 करोड़ के पार, 38 हवाई अड्डों पर मिल रही तेज और आसान सुविधा

**नई दिल्ली।** डिजी यात्रा ऐप के जरिए देश में 10 करोड़ से अधिक बार हवाई यात्रा की जा चुकी है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि यह भारत की डिजिटल विमानन व्यवस्था की एक बड़ी उपलब्धि है। ऐप को अब तक 2.4 करोड़ से अधिक लोगों ने डाउनलोड किया है।

मंत्रालय के अनुसार, डिजी यात्रा के इस्तेमाल से हवाई अड्डों पर यात्रियों की पहचान और प्रवेश प्रक्रिया पहले की तुलना में काफी तेज हो गई है। पहले जहां एक यात्री को प्रवेश में औसतन 15 सेकंड लगते थे, अब यह समय घटकर लगभग 5 सेकंड रह गया है। इससे हवाई अड्डों पर भीड़ कम करने में मदद मिली है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने इस उपलब्धि पर डिजी यात्रा टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह ऐप यात्रियों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहा है और लोग कागजरहित तथा संपर्करहित यात्रा को पसंद कर रहे हैं।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पुत्री पहुंची आगरा, पति के साथ ताज का किया दीदार

**आगरा।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पुत्री टिफनी ट्रंप अपने पति के साथ शनिवार को उत्तर प्रदेश के आगरा पहुंचीं और ताजमहल का दीदार किया। इस दौरान भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर भी साथ रहे और विश्व प्रसिद्ध ताजमहल की खूबसूरती को निहारा।

टिफनी ट्रंप बिजनेसमैन पति माइकल के साथ शनिवार को पूर्वाह्न करीब 11¬15 बजे आगरा सिविल एयरपोर्ट पहुंचीं।



एयरपोर्ट से टिफनी सीधा थाना ताजगंज क्षेत्र के एक पांच सितारा होटल पहुंचीं। यहां अल्प समय विश्राम के बाद होटल से सीधे शिल्प ग्राम पहुंचीं। शिल्पग्राम से बैटरी चलित गोल्फ कार्ट के जरिए पति के साथ ताजमहल के पूर्वी गेट पर पहुंचकर पैदल ताजमहल परिसर में प्रवेश किया।

ट्रंप की पुत्री और उनके पति विश्व प्रसिद्ध धरोहर ताजमहल की खूबसूरती को देखकर गदगद दिखे।

## असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर इस मुलाकात की जानकारी साझा की। पीएमओ की ओर से जारी पोस्ट में कहा गया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट की। मुख्यमंत्री सरमा ने एक्स पर पोस्ट किया, आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मिलकर मैं स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहा हूं।

## केरल में 24 किलो मादक पदार्थ जब्त, पांच गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने केरल में 24 किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ जब्त कर पांच लोगों को गिरफ्तार किया है।

वितत मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में बताया कि राजस्व खुफिया निदेशालय की कोचीन केंद्र के नशीले पदार्थों के खिलाफ समन्वित अभियान ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत कोच्चि, मलप्पुरम और तिरुवनंतपुरम में नशीली दवाओं और साइकोट्रॉपिक पदार्थों की बड़ी मात्रा ज़ब्त की गई। इनमें मेथैक्यूलोन, मेथामफेटामाइन और हशीश तेल शामिल हैं। इनका इस्तेमाल अवैध रूप से बेचने और तस्करी करने के लिए किया जाना था। मंत्रालय ने बताया कि डीआरआई के चलाए गए इन अभियानों में कुल 24 किलो से ज्यादा नशीली दवाएं और साइकोट्रॉपिक पदार्थ जब्त किए गए हैं। तस्करी के नेटवर्क में शामिल मुख्य लोगों सहित 5 लोगों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंसेस (एनडीपीएस)

अधिनियम 1985 के प्रावधानों के अंतर्गत गिरफ़्तार किया गया है।

यह प्रतिबंधित सामान तस्करी के अलग-अलग तरीकों से पकड़ा गया। इनमें एयरपोर्ट पर यात्रियों के सामान में छिपाना, कूरियर कंसाइनमेंट में छिपाना और बाहर भेजे जाने वाले एक्सपोर्ट कार्गो में छिपाना शामिल है। ये बरामदगियां डीआरआई की लगातार सतर्कता और अंतरराष्ट्रीय तथा घरेलू माध्यमों से चल रहे संगठित नशीले पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को खत्म करने के उसके केंद्रित प्रयासों को दर्शाती हैं।

## नौतपा में बदला मौसम का मिजाज, प्रदेशभर में आंधी-बारिश से मिली राहत, कई जिलों में गिरे ओले

**भोपाल।** नौतपा की भीषण गर्मी के बीच मध्य प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर, भोपाल, उज्जैन, धार, देवास, गुना, खंडवा, खरगोन, झाबुआ, शाजापुर, सीहोर, रायसेन, शिवपुरी, डिंडौरी, मंदसौर, रतलाम, राजगढ़ सहित 26 से अधिक जिलों में शुक्रवार रात से शनिवार तक आंधी, बारिश और कहीं-कहीं ओलावृष्टि दर्ज की गई। मौसम में आए इस बदलाव से तापमान में 2 से 12 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हुई है और लोगों को भीषण गर्मी व लू से राहत मिली है।

### अगले तीन दिन बारिश-आंधी का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ और अन्य मौसमी प्रणालियों के प्रभाव से प्रदेश में अगले तीन दिनों तक मौसम का मिजाज बदला रहेगा। 31 मई, 1 जून और 2 जून को अधिकांश जिलों में गरज-चमक के साथ बारिश, तेज हवाएं और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि नौतपा के दौरान गर्मी से राहत जरूर मिली है, लेकिन मानसून पूर्व की यह गतिविधियां अभी कुछ दिन और जारी रह सकती हैं। लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और बिजली गिरने की आशंका वाले क्षेत्रों में विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

## ब्रीफ न्यूज

### लोकमाता अहिल्याबाई होलकर जयंती पर तराना में निकलेगी आज विशाल वाहन रैली

**क्षत्रिय धनगर गारी समाज द्वारा भव्य आयोजन, संत-महात्माओं का मिलेगा सान्निध्य**

**तराना।** लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की जयंती के पावन अवसर पर क्षत्रिय धनगर गारी समाज एवं जय माँ अहिल्या जन सेवा समिति, तराना के तत्वावधान में इस वर्ष भी भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति द्वारा 31 मई आज विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजन एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 10 बजे तिलकेश्वर महादेव मंदिर, तराना में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात विशाल वाहन रैली नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए श्री हरिकाकीश कुंड पीठ संस्थान एवं गुजराज मंडल पहुंचेगी, जहां कार्यक्रम का समापन होगा। आयोजन में मार्गदर्शक मुख्य अतिथि के रूप में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर स्वामी श्री रामेश्वर दास जी महाराज उपस्थित रहेंगे। वहीं विशेष अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष पंचदशनाम जूना अखाड़ा महंत मोहन भारती जी महाराज का सान्निध्य प्राप्त होगा।

### यथार्थ के नजदीकः संजय शर्मा के काव्य-संग्रह का लोकार्पण हुआ

**उज्जैन।** आनंद नगर में नव निर्मित पं. ईश्वरचन्द शर्मा सभागार में संजय शर्मा उज्जैनी मालवा सांस्कृतिक परिषद सचिव एवं भारत तिब्बत सहयोग मंच, मध्य-क्षेत्र के सह-संयोजक के काव्य-संग्रह यथार्थ के न?दीक का लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. श्रीकृष्ण जोशी ने की, मुख्य अतिथि श्रीपाद जोशी तथा विशेष अतिथि त्रय डॉ. शिव चौरसिया, डॉ. शैलेन्द्र शर्मा एवं डॉ. गोविन्द गंधे रहे। अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम देवी सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। कार्यक्रम में हिंदी के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. हरिमोहन बुधौलिया भी सम्मिलित रहे। डॉ. रामप्रकाश तिवारी द्वारा सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की गई। पुस्तक परिचय अशोक रक्ताले द्वारा प?ा गया। डॉ. शैलेन्द्र शर्मा द्वारा पुस्तक की विशद समीक्षा प्रस्तुत की गई। सभी अतिथियों ने बारी-बारी पुस्तक के विषय में अपने विचार प्रकट किये। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विजय सुखवानी ने किया तथा आभार विनोद काबरा द्वारा ज्ञापित किया गया। आज के कार्यक्रम में कवि सुगनचंद जैन, अनिल पांचाल, श्रीमती माया वधेका, पूनम व्यास, दिलीप जैन, सत्यनारायण नाटानी सहित सभी ??लांजलि साहित्यिक मंच एवं संस्कार भारती के सदस्यों के साथ ही संजय शर्मा की माताजी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे।

### भयानक हीट स्ट्रोक के चलते ग्रीष्मकालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाया जाएः धनवाल

**आष्टा।** बहुत ही खतरनाक गर्मी, हीट स्ट्रोक के चलते, स्कूलों में 30 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश होना ही चाहिए ,लेकिन स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रवेश के नाम पर हर साल नये-नये आदेश जारी कर 02 माह का ग्रीष्मकालीन अवकाश लगभग खत्म ही कर दिया, यहीं नहीं दीपावली-दशहरा का तथा शीतकालीन अवकाश में भी भारी संख्या में कटौती कर दी गई। यह सभी अवकाश कटौत्रा केवल कागजो में ही अच्छे लगते है, धरातल पर सच्चाई देखा जाए तो दशहरा-दीपावली का अवकाश 24 दिन ,दो माह का ग्रीष्मकालीन अवकाश और एक सप्ताह का शीतकालीन अवकाश ,वही पुराने पैटर्न पर विद्यार्थीगण आज भी मानते आयें है। हां यह जरूर है कि शिक्षक गण अपना मन मारकर सरकार के आदेशों का पालन करने को मजबूर हैं।

मध्यप्रदेश अजाक्स भोपाल संभाग के अध्यक्ष बंशीलाल धनवान ने बताया कि अभी वर्तमान में भयानक गर्मी है ,नौतपा के दिनों में आसमान से गर्मी के अंगारे बरस रहे हैं, हीट स्ट्रोक ,सन स्ट्रोक के खतरे मंडरा रहे हैं , ऐसे में 01 जून से स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति बिल्कुल अमानवीय प्रतीत हो रहा है।

ऐसा भी नहीं की राज्य की स्कूलों में खासकर प्राइमरी और मिडिल स्कूलों में एसी अथवा कूलर या पर्याप्त संख्या में पंखे लगे हो, बल्कि हालात यहां तक सुनने को मिलते हैं कि कई स्कूलों में तो अभी तक बिजली भी उपलब्ध नहीं है। श्री धनवाल ने कहा कि उपरोक्त अभाव में, राष्ट्रनिर्माता एवं सदैव राष्ट्रीय कार्य करने वाले शिक्षक 01 जून से स्कूलों में कैसे राष्ट्र निर्माण का कार्य पाएंगे।

# सीएम ने मंच पर किया मयूरासन, रिसोर्ट में ही रुके डॉ. मोहन यादव

### बीजेपी के प्रशिक्षण वर्ग में सुनाया महादेव का भजन

**उज्जैन (ब्यूरो)।** उज्जैन में भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के दूसरे दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अलग अंदाज में नजर आए। राजाराम रिसॉर्ट में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में उन्होंने मंच पर योग किया और कार्यकर्ताओं को महादेव का भजन सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया।

शुक्रवार सुबह वे धोती-कुर्ता पहनकर प्रशिक्षण वर्ग में पहुंचे। रवाना होने से पहले उन्होंने मंच से योग के महत्व पर बात की और कार्यकर्ताओं के सामने खुद प्राणायाम, सूर्य नमस्कार और मयूरासन समेत

कई योगासन किए। करीब 10 मिनट तक चले इस सत्र के बाद उन्होंने शिव भक्ति भजन भी सुनाया।

दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ गुरुवार को ष्टरू की मौजूदगी में हुआ था। वर्ग में कार्यकर्ताओं को क्ष्छ्वक्क की विचारधारा, संगठनात्मक अनुशासन और सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

#### प्रदेश प्रभारी ने भी कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

शुक्रवार को समापन सत्र में प्रदेश प्रभारी महेंद्र सिंह, इंदौर जिले के प्रभारी राजेश सोलंकी और मंदसौर सांसद सुधीर गुप्ता ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। नेताओं ने सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और शहर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

## महाकाल सवारी मार्ग के घरों पर होगा एक जैसा रंग

**प्रतिष्ठानों के साइन बोर्ड भी एकरूप रखने का आग्रह; महापौर ने 800 परिवारों को लिखा पत्र**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो जल्द ही बाबा महाकाल सवारी मार्ग पर स्थित घर एक जैसे रंगों में नजर आएंगे और दुकानों के साइन बोर्ड भी एक समान आकार व डिजाइन में दिखाई देंगे। इस पहल के तहत उज्जैन महापौर मुकेश टटवाल ने करीब 800 घरों और प्रतिष्ठानों तक पत्र पहुंचाकर रहवासियों व व्यापारियों से सहयोग की अपील की है। जल्द ही इस संबंध में एक बैठक भी आयोजित की जाएगी।

बाबा महाकाल सवारी मार्ग को एकरूप और आकर्षक स्वरूप देने के उद्देश्य से महापौर मुकेश टटवाल ने क्षेत्र के दुकानदारों और रहवासियों के नाम पत्र जारी किया है। यह पत्र जनप्रतिनिधियों और क्षेत्रीय पार्षदों के माध्यम से घर-घर पहुंचाया गया।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि बाबा महाकाल की नगरी उज्जैन केवल एक शहर नहीं, बल्कि आस्था, संस्कृति और सनातन परंपरा का जीवंत प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में कंठाल, सती गेट और गोपाल मंदिर सवारी मार्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों में चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण का कार्य जारी है। यह मार्ग केवल आवागमन का साधन नहीं, बल्कि उज्जैन की धार्मिक पहचान और बाबा महाकाल की भक्ति का प्रतीक है।

महापौर ने नागरिकों से अपील की है कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को उज्जैन की स्वच्छता, सुंदरता, भव्यता और आध्यात्मिकता का एकरूप स्वरूप दिखाई दे। इसके लिए भवनों के बाहरी रंग और दुकानों के साइन बोर्ड एक समान रखने का आग्रह किया गया है।

## उज्जैन में ट्रैक्टर से कुचलकर मासूम की मौत

**सड़क निर्माण के दौरान हादसा, चालक पर केस दर्ज; परिजन ने लगाया लापरवाही का आरोप**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** उज्जैन के महाकाल थाना क्षेत्र के ग्राम गोंसा में सड़क निर्माण काम के दौरान गुरुवार शाम को एक हादसा हो गया। निर्माण स्थल पर खेल रही तीन वर्षीय बच्ची वंशिका की ट्रैक्टर की चपेट में आने से मौत हो गई। शुक्रवार को पोस्टमॉर्टम हुआ। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, धार जिले की ग्राम पंचायत सेबरीमाल भड़लिया के निवासी प्यारेसिंह सहित कई मजदूर पिछले लगभग दो महीने से उज्जैन में सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए हैं। गुरुवार देर शाम गोंसा रोड क्षेत्र में निर्माण कार्य चल रहा था। मजदूर ट्रैक्टर से निर्माण सामग्री उतारकर सड़क का काम कर रहे थे और उनके बच्चे पास

में ही खेल रहे थे।

इसी दौरान, खेलते-खेलते तीन वर्षीय बच्ची अचानक ट्रैक्टर के सामने आ गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चालक ने वाहन रोकने का प्रयास किया, लेकिन कम दूरी के कारण ट्रैक्टर समय पर नहीं रुक सका और बच्ची उसकी चपेट में आ गई। इस हादसे में बच्ची के सिर में गंभीर चोटें आईं, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद, निर्माण स्थल पर मौजूद लोगों ने तुरंत बच्ची को संभाला और पुलिस को सूचना दी। महाकाल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने न्याय की मांग की। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मृतक बच्ची के परिजनों ने चालक की लापरवाही को हादसे का मुख्य कारण बताया है। परिजनों का कहना है कि ट्रैक्टर को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करने के लिए कहा गया था, लेकिन चालक ने इस पर ध्यान नहीं दिया। वहीं, निर्माण कार्य से जुड़े प्रतिनिधि नौशाद ने बताया कि मजदूर सड़क निर्माण कार्य में व्यस्त थे और बच्ची अचानक वाहन के सामने आ गई, जिसके कारण यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना हुई।

## उज्जैन में जल संकट के बीच जेसीबी ने फोड़ी पाइपलाइन

**सुबह 4:30 बजे कई इलाकों में बहा पानी; कंपनी पर 5 लाख रुपए की पेनल्टी लगाई**

**उज्जैन (ब्यूरो)।** उज्जैन में शुक्रवार सुबह करीब 4:30 जेसीबी की खुदाई के दौरान गंभीर की मेन पाइपलाइन फूट गई। जिससे लाखों गैलन पानी कई घंटों तक बहता रहा। घटना के दौरान पीएचई विभाग के जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं थे। मामले में नगर निगम आयुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कंपनी पर 5 लाख रुपए की पेनल्टीलगाई, लेकिन निगरानी में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। हालांकि, दोपहर 12 बजे मेन पाइपलाइन जोड़ दी गई।

जानकारी के अनुसार, शहर की जल आपूर्ति व्यवस्था सुधारने के लिए करीब 11 अरब रुपए की हरियाखेड़ी परियोजना के तहत पाइपलाइन बिछाने का काम चल रहा है। इसी दौरान लापरवाही के कारण गंभीर की मेन राइजिंग लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पाइपलाइन फूटने से पुराने शहर के केवल 20 प्रतिशत घरों में ही पानी

की सप्लाई हो सकी।

बताया गया कि खुदाई के समय इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं था। इसी वजह से जेसीबी चालक ने गंभीर की मेन राइजिंग लाइन तोड़ दी। स्थानीय रहवासियों ने आरोप लगाया कि प्रोजेक्ट से जुड़े सब इंजीनियर मौके पर मौजूद नहीं थे, जबकि उन्हें वहां रहना चाहिए था।

जिस स्थान पर नई पाइपलाइन डाली जा रही थी, उसके पास से ही गंभीर की मेन राइजिंग लाइन गुजर रही थी। लाइन फूटते ही सैकड़ों गैलन पानी बह निकला। जल सप्लाई प्रभावित होने की सूचना मिलने पर एमआईसी सदस्य रजत मेहता और शिवेंद्र तिवारी भी मौके पर पहुंचे।

## उज्जैन में सुबह तेज बारिश, ठंडी हवाएं भी चलीं

### नौतपा के छठे दिन भीषण गर्मी से मिली राहत; कई दिनों बाद तापमान गिरा

**उज्जैन (ब्यूरो)।** उज्जैन में नौतपा के छठे दिन शनिवार सुबह मौसम ने अचानक करवट ली। तेज बारिश के साथ ठंडी हवाएं चलीं, जिससे शहरवासियों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत मिली। कई दिनों बाद तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

#### पिछले चार दिनों से उज्जैन भीषण गर्मी की चपेट में था।

शासकीय जीवाजी वेधशाला के आंकड़ों के अनुसार, आज सुबह का तापमान 27 डिग्री रहा। 28 मई को अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। 29 मई को यह 40 डिग्री था। न्यूनतम तापमान भी 27 से 28 डिग्री के बीच बना हुआ था, जिससे रात में भी लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही थी।

इन दिनों सुबह की आर्द्रता 63 से 71 प्रतिशत के बीच और शाम की आर्द्रता 24 से 30 प्रतिशत तक दर्ज की गई थी। हवाओं की गति भी सामान्य बनी हुई थी। लगातार तेज धूप और लू जैसे हालात के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा था।

#### सुबह का तापमान 27 डिग्री सेल्सियस

शनिवार सुबह मौसम में बदलाव के बाद तापमान में उल्लेखनीय गिरावट महसूस की गई। सुबह करीब 7 बजे तापमान 27 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने दिन का अधिकतम तापमान 37 से 39 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान जताया है। विभाग ने रात में भी बारिश की 44 प्रतिशत संभावना व्यक्त की है।

बारिश शुरू होते ही सड़कों पर लोगों ने गर्मी से राहत का अनुभव किया। शहरवासियों ने इसे नौतपा के बीच एक बड़ी राहत बताया। हालांकि, मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अभी पूरी तरह गर्मी से राहत मिलने में समय लग सकता है।

## सिंहस्थ से पहले उज्जैन के 100 चौराहे हाईटेक होंगे

### सिंहस्थ 2028 की तैयारी तेज, चौराहों की कैमरों से होगी रियल टाइम मॉनिटरिंग

**उज्जैन (ब्यूरो)।** सिंहस्थ 2028 को लेकर उज्जैन में अधोसंरचना विकास कार्यों ने गति पकड़ ली है। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या और यातायात प्रबंधन को ध्यान में रखते हुए शहर के 100 प्रमुख चौराहों का विकास और आधुनिकीकरण किया जाएगा। इन चौराहों को हाईटेक तकनीक से लैस किया जाएगा, जिससे ट्रैफिक और क्राउड मैनेजमेंट को बेहतर बनाया जा सकेगा।

उज्जैन कलेक्टर रौशन सिंह ने बताया कि सिंहस्थ महाकुंभ की तैयारियों के तहत शहर में सड़कों के विस्तार के साथ-साथ चौराहों के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शहर के 100 से अधिक

चौराहों को चिन्हित किया गया है, जहां आधुनिक डिजाइन के अनुरूप निर्माण कार्य किया जाएगा। सभी चौराहों पर लेफ्ट टर्न और यू-टर्न की सुविधा को प्राथमिकता दी जाएगी, ताकि यातायात का प्रवाह सुचारु बना रहे।

#### प्रमुख सड़कों को छह और चार लेन में विकसित कर रहे

उन्होंने बताया कि वर्तमान में कई प्रमुख सड़कों को छह लेन और चार लेन में विकसित किया जा रहा है। शहर के भीतर 60 से अधिक सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्यों के पूरा होने के बाद चरणबद्ध तरीके से चौराहों का विकास शुरू किया जाएगा। इसके लिए डिजाइन भी तैयार कर ली गई है।

#### कैमरों से होगी निगरानी, कंट्रोल रूम से होगा संचालन

कलेक्टर रौशन सिंह के अनुसार सभी विकसित चौराहों को स्मार्ट तकनीक से जोड़ा जाएगा। चौराहों पर लगाए जाने वाले कैमरों और ट्रैफिक सिग्नलों की लाइव फीड एक केंद्रीय कंट्रोल रूम तक पहुंचेगी। इससे किसी भी स्थान पर भीड़ बढ़ने या ट्रैफिक जाम की स्थिति बनने पर तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी।

#### प्रभावी मॉनिटरिंग हो सकेगी

प्रशासन का दावा है कि हाईटेक चौराहों के माध्यम से पूरे शहर की प्रभावी मॉनिटरिंग संभव होगी। आधुनिक तकनीक के उपयोग से यातायात प्रबंधन अधिक सुगम बनेगा और सिंहस्थ के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की सिंहस्थ 2028 से पहले सभी प्रस्तावित चौराहों का निर्माण और आधुनिकीकरण पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, ताकि महाकुंभ के दौरान शहर में बेहतर यातायात व्यवस्था और सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

## उज्जैन में जारी होंगे 200 करोड़ के टेंपल बॉन्ड

### 11 मंदिरों के विकास पर खर्च होंगे 1100 करोड़ रुपए

**उज्जैन (ब्यूरो)।** उज्जैन में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने और श्रद्धालुओं की सुविधाओं में सुधार के लिए एक बड़ी योजना शुरू की जा रही है। इसके तहत उज्जैन और आगर-मालवा के 11 प्रमुख मंदिरों के नवीनीकरण और सुविधाओं के विस्तार पर लगभग 1100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इस योजना की मुख्य विशेषता यह है कि देश में पहली बार %टेंपल बॉन्ड% जारी किए जाएंगे।

संभागायुक्त आशीष सिंह ने प्रशासनिक संकुल में महत्वपूर्ण बैठक ली। इसमें उज्जैन कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, महाकाल मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, यूडीए सीईओ संदीप सोनी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

आगर-मालवा कलेक्टर प्रीति यादव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जुड़ी।

इस योजना में उज्जैन के कालभैरव मंदिर, मंगलनाथ मंदिर, सांदीपनी आश्रम, नवग्रह मंदिर, 84 महादेव मंदिर, अंगारेश्वर महादेव मंदिर, भूखी माता मंदिर, गढ़कालिका मंदिर और सिद्धवट मंदिर शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आगर-मालवा के मां बगलामुखी मंदिर को भी इसमें जोड़ा गया है।

#### श्रद्धालुओं को बढ़ाई जाएंगी सुविधाएं

इन मंदिरों में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए पार्किंग क्षेत्र, पेयजल व्यवस्था, यात्री सुविधा केंद्र, सड़क और मार्ग विकास, लाइटिंग तथा सुरक्षा व्यवस्था जैसे कार्य किए जाएंगे। सिंहस्थ-2028 को ध्यान में रखते हुए इन धार्मिक स्थलों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है, ताकि सिंहस्थ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालु इनका लाभ उठा सकें।

इस परियोजना के लिए कुल 1100 करोड़ रुपए की राशि जुटाई जाएगी। इसमें से 200 करोड़ रुपए %टेंपल बॉन्ड% के माध्यम से जुटाने की योजना है। इसके अतिरिक्त, 275 करोड़ रुपए अर्बन चैलेंज फंड से और लगभग 625 करोड़ रुपए बैंकों से प्राप्त किए जाएंगे। ये टेंपल बॉन्ड 10 साल की अवधि के लिए जारी किए जाएंगे।

संभागायुक्त आशीष सिंह ने निर्देश दिए हैं कि %टेंपल बॉन्ड% जारी करने की प्रक्रिया 15 जुलाई तक पूरी कर ली जाए, ताकि इन्हें 31 जुलाई तक लॉन्च किया जा सके।

इस योजना से उज्जैन और आसपास के धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। साथ ही, इससे पर्यटन, होटल कारोबार, परिवहन और स्थानीय रोजगार को भी बढ़ावा मिलेगा। सिंहस्थ-2028 में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए यह योजना अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## महाकाल मंदिर के गणेश मंडपम् में सगाई के लिए पहनाई अंगूठी

### कोर कंपनी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया

**उज्जैन (ब्यूरो)।** ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर मंदिर में दिल्ली से आए दो भक्तों ने सगाई की रस्म निभाई। उन्होंने एक दूसरे को अंगूठी भी पहनाई। उसकी रील भी खुद ही बनवाई। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने से पूरा मामला सामने आया। उसके बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति ने निजी सुरक्षा एजेंसी कोर पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

दिल्ली से आए भक्त की रील में उन्हें कोटि तीर्थ कुंड से मंदिर में प्रवेश करते दिखाया गया है। इसके बाद नंदी हॉल से सटे पहले बैरिकेड यानी गणेश मंडपम् में महाकालेश्वर के सामने पहले युवक ने युवती को रिंग पहनाई, फिर यही रस्म युवती ने निभाई। इसका वीडियो भक्त पुलकित मल्होत्रा और गिन्नी खंडूजा ने अपनी इंस्टा आईडी पर

पोस्ट किया। इसमें उन्होंने लिखा कि जब महाकाल राजी को क्या करेगा काजी।

#### मंदिर समिति ने लगाया जुर्माना, डिलीट करवाया वीडियो

वीडियो वायरल होने पर महाकाल मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने यू-ट्यूब से वीडियो डिलीट करवा दिया है। उनका कहना है कि मंदिर और श्रद्धालुओं की सुरक्षा का जिम्मा कोर सिक्युरिटी का है। उस पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। साथ ही वे जिस प्रोटोकॉल से दर्शन के लिए आए थे, उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।

## ब्रीफ न्यूज़

### बशीर बद्र को भोपाल का सामूहिक नमन, आज होगी श्रद्धांजलि सभा

**भोपाल।** पद्मश्री सम्मान से अलंकृत प्रख्यात शायर डॉ. बशीर बद्र को शनिवार को भोपाल का साहित्यिक और सांस्कृतिक जगत सामूहिक रूप से श्रद्धांजलि अर्पित करेगा। उनके निधन से उपजे शोक के बीच शाम पांच बजे दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय के राज सदन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में शहर की अनेक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थाएं एक मंच पर आकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देंगी।

गत 28 मई को डॉ. बशीर बद्र के निधन के बाद साहित्य प्रेमियों और रचनाकारों के बीच शोक की लहर फैल गई थी। उनकी स्मृति में आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में उनके साहित्यिक योगदान, ग़ज़लों और शायरी को याद किया जाएगा। उपस्थित साहित्यकार उनकी चर्चित रचनाओं का पाठ कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

सभा में दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय, मध्यप्रदेश लेखक संघ, वनमाली सृजन पीठ, मध्यप्रदेश लेखिका संघ, हिन्दी भवन, अभिनव कला परिषद, प्रभात साहित्य परिषद, कला मंदिर, अखिल भारतीय साहित्य परिषद, वरिष्ठ नागरिक मंच तथा अंतरराष्ट्रीय विश्व मैत्री मंच सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारी, सदस्य और साहित्य प्रेमी भाग लेंगे।

### उच्च राशि में पहुंचेगा गुरु, बदलेगा मौसम और भाग्य के समीकरण

**भोपाल।** ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार 2 जून 2026 की रात्रि एक बजकर 49 मिनट पर गुरु ग्रह मिथुन राशि से निकलकर अपनी उच्च राशि कर्क में प्रवेश करेंगे। ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद गौतम के अनुसार यह गोचर अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि गुरु ग्रह लगभग 10 वर्ष 10 माह 19 दिन बाद पुनः अपनी परमोच्च राशि में पहुंच रहे हैं। ज्योतिष शास्त्र में गुरु को ज्ञान, धर्म, भाग्य, विवाह, संतान और समृद्धि का कारक ग्रह माना गया है।

विशेष बात यह है कि वर्ष 2026 में गुरु ग्रह एक ही वर्ष में मिथुन, कर्क और सिंह तीन राशियों में भ्रमण करेंगे। सामान्य परिस्थितियों में यह प्रक्रिया लगभग तीन वर्षों में पूरी होती है, लेकिन इस बार गुरु की तीव्र गति के कारण यह परिवर्तन तेजी से हो रहा है।

ज्योतिषाचार्य के अनुसार गुरु का कर्क राशि में प्रवेश प्राकृतिक और सामाजिक स्तर पर भी बदलाव के संकेत देता है। इस अवधि में कई क्षेत्रों में तेज हवाएं, वर्षा और मौसम में अचानक परिवर्तन देखने को मिल सकते हैं। वहीं धार्मिक गतिविधियों, सांस्कृतिक मूल्यों और सामाजिक जागरूकता में वृद्धि के संकेत भी मिल रहे हैं।

गुरु के प्रभाव से विवाह में आ रही बाधाएं दूर हो सकती हैं, संतान प्राप्ति के योग मजबूत होंगे तथा धार्मिक और मांगलिक कार्यों में बढ़ोतरी होगी। भारतीय संस्कृति और सामाजिक सुधारों को भी नई गति मिलने की संभावना व्यक्त की गई है।

### भक्ति और श्रद्धा के माहौल में शुरू हुआ श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान

**भोपाल।** राजधानी के चौक स्थित धर्मशाला में श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ गहन धार्मिक आस्था, श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। आचार्य संभव सागर महाराज के शिष्य मुनि संभव सागर महाराज के ससंघ सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर धर्मलाभ प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान जिनेंद्र के अभिषेक एवं शांतिधारा से हुई। इसके बाद विधि-विधान और मंत्रोच्चार के साथ विशेष पूजा-अर्चना संपन्न कराई गई। आयोजन के प्रवक्ता अंशुल जैन ने बताया कि इस पुण्यदायी धार्मिक अनुष्ठान का सौभाग्य पांचूबाई सुहागमल जैन तथा ऋषभ-मंजू जैन परिवार को प्राप्त हुआ है।

अनुष्ठान के दौरान अविनाश भैया के निर्देशन में मंडल शुद्धि, पात्र शुद्धि और सकलीकरण की विभिन्न धार्मिक क्रियाएं संपन्न हुईं। श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ इन धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता निभाई।

इस अवसर पर चौक जिनालय से गाजे-बाजे और धार्मिक जयघोषों के बीच भव्य घट यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण से सराबोर दिखाई दिया। कमल श्री विनोद और विपिन परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। वहीं श्रद्धालुओं ने भक्ति नृत्य प्रस्तुत कर अपनी धार्मिक आस्था व्यक्त की।

# नशे के सौदागरों पर एसटीएफ का सबसे बड़ा प्रहार: भोपाल से चला डेढ़ करोड़ के 'जहर' का साम्राज्य ध्वस्त

### मास्टरमाइंड अकील खान समेत 10 गिरफ्तार, 3 नाबालिग भी नेटवर्क में शामिल; 50 हजार बोतल नशीला कफ सिरप जब्त, दो आरोपी फरार

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में युवाओं और नाबालिगों को नशे की गिरफ्त में धकेलने वाले एक बड़े संगठित गिरोह का स्पेशल टास्क फोर्स (स्ञ्जस्न) ने पर्दाफाश कर दिया है। गांधीनगर क्षेत्र में की गई अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई में स्ञ्जस्न ने नशीले कफ सिरप के अवैध कारोबार से जुड़े मास्टरमाइंड अकील खान समेत 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तीन नाबालिग भी शामिल हैं, जिनका इस्तेमाल पैकेजिंग और अन्य कार्यों में किया जा रहा था। छापेमारी के दौरान करीब 50 हजार बोतल नशीला कफ सिरप बरामद किया गया, जिसकी बाजार कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपए आंकी गई है।

STF की इस कार्रवाई ने राजधानी और आसपास के जिलों में फैले एक ऐसे नेटवर्क का खुलासा किया है, जो लंबे समय से बेहद सुनियोजित तरीके से नशे का कारोबार चला रहा था। जांच एजेंसी के अनुसार गांधीनगर की डोबरा पटेल सिटी कॉलोनी और मुबारकपुर क्षेत्र को इस अवैध धंधे का प्रमुख केंद्र बनाया गया था। यहीं से भोपाल शहर, ग्रामीण क्षेत्रों और आसपास के जिलों में नशीले कफ सिरप की सप्लाई की जाती थी।

STF के डीआईजी राहुल लोढ़ा ने बताया कि गिरोह का सरगना अकील खान पूरे नेटवर्क का संचालन करता था। वह माल की खरीद, भंडारण, लोडिंग और सप्लाई की निगरानी करता था। उसके निर्देश पर अलग-अलग टीमें काम करती थीं, जिससे पूरे कारोबार को व्यवस्थित ढंग से चलाया जा सके और पुलिस की नजरों से बचा जा सके।

#### तीन टीमों में बंटा था पूरा नेटवर्क

जांच में सामने आया है कि गिरोह ने अपने काम को तीन अलग-अलग हिस्सों में बांट रखा था। पहली टीम का काम नशीले कफ सिरप को भोपाल और आसपास के इलाकों में पहुंचाना था। दूसरी टीम स्टॉक रखने, परिवहन और पैकेजिंग का काम संभालती थी। तीसरी टीम में शामिल लोगों का काम रैपर बदलना और माल को बाजार में खपाने के लिए तैयार करना था।

सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ कि इस पूरे अवैध कारोबार में तीन नाबालिग बच्चों का भी इस्तेमाल किया जा रहा था। उनसे कफ सिरप की पैकिंग, रैपर बदलने और माल व्यवस्थित करने जैसे काम कराए जाते थे। स्ञ्जस्न अब यह भी जांच कर रही है कि इन बच्चों को किस तरह इस नेटवर्क में शामिल किया गया और इसके पीछे कौन-कौन लोग जिम्मेदार हैं।

#### रैपर बदलकर छिपाई जाती थी पहचान

जांच एजेंसियों के अनुसार आरोपी नशीले कफ सिरप के असली रैपर हटाकर नए रैपर लगा देते थे, ताकि उसकी पहचान छिपाई जा सके। इसके बाद माल को विभिन्न स्थानों पर भेजा जाता था। यह तरीका लंबे समय से अपनाया जा रहा था, जिससे अवैध कारोबार बिना किसी संदेह के चलता रहे।

STF का मानना है कि यह केवल कफ सिरप की तस्करी का मामला नहीं है, बल्कि युवाओं को नशे की लत लगाने वाला एक बड़ा आपराधिक नेटवर्क है। प्रारंभिक जांच में संकेत मिले हैं कि यह गिरोह स्कूल-कॉलेज जाने वाले युवाओं तक भी नशीला सिरप पहुंचा रहा था।

#### मुबारकपुर में जारी है सर्च ऑपरेशन

गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के बाद स्ञ्जस्न ने मुबारकपुर क्षेत्र में भी सर्च ऑपरेशन तेज कर दिया है। अधिकारियों को आशंका है कि वहां भी बड़ी मात्रा में अवैध स्टॉक छिपाकर रखा गया है। साथ ही कई महत्वपूर्ण दस्तावेज और डिजिटल सबूत मिलने की संभावना भी जताई जा रही है।

जांच एजेंसियां अब पूरे नेटवर्क की सप्लाई चेन खंगाल रही हैं। यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि नशीला सिरप कहां से लाया जाता था, किन माध्यमों से उसकी पैकेजिंग होती थी और किन जिलों तक इसकी आपूर्ति की जाती थी।

#### दो आरोपी फरार, तलाश में STF की विशेष टीमें

मामले में दो आरोपी अभी भी फरार बताए जा रहे हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए स्ञ्जस्न ने दो विशेष टीमें गठित की हैं। तकनीकी निगरानी, मोबाइल लोकेशन ट्रैकिंग और मुखबिर तंत्र की मदद से उनकी तलाश की जा रही है। अधिकारियों का मानना है कि फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद नेटवर्क से जुड़े कई और बड़े नाम सामने आ सकते हैं।

#### मकान मालिक भी जांच के घेरे में

जिस मकान से नशीले कफ सिरप का बड़ा जखीरा बरामद हुआ, उसके मालिक जयदीप सिंह और मकान उपलब्ध कराने वाले आकाश भाटिया की भूमिका भी जांच के दायरे में आ गई है। स्ञ्जस्न यह पता लगा रही है कि किरायेदारों का सत्यापन क्यों नहीं कराया गया और क्या मकान मालिकों को इस अवैध गतिविधि की जानकारी थी।

#### प्रदेशव्यापी नेटवर्क होने की आशंका

STF अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई किसी एक मकान या इलाके तक सीमित नहीं है। शुरुआती जांच में पूरे प्रदेश में फैले एक संगठित नेटवर्क के संकेत मिले हैं। बरामद कफ सिरप के नमूनों को लैब में जांच के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कई और धाराएं बढ़ाई जा सकती हैं।

राजधानी भोपाल में हुई इस बड़ी कार्रवाई ने न केवल नशे के कारोबार की भयावह तस्वीर उजागर की है, बल्कि यह भी साबित कर दिया है कि नशे के सौदागर युवाओं और बच्चों को अपना आसान शिकार बना रहे हैं। स्ञ्जस्न अब इस नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचने और इसके पीछे छिपे बड़े चेहरों को बेनकाब करने की तैयारी में जुटी है।

# खूनी होता भोपाल: तीन दिन में 7 चाकूबाजी, हत्या के प्रयास के मामलों में 200% उछाल से दहशत

### सड़क से मोहल्लों तक 'चाकू गैंग' का आतंक, धौंस और भाईगिरी की होड़ में बह रहा खून; पुलिस अलर्ट पर, अपराधियों पर शिकंजा कसने की तैयारी

**( ज्ञान सिंह बघेल )**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में अपराध का एक नया और खतरनाक चेहरा सामने आ रहा है। शहर की सड़कों पर मामूली कहासुनी, रोड रेज, पुरानी रंजिश और वर्चस्व की लड़ाई अब सीधे चाकूबाजी और जानलेवा हमलों में बदल रही है। हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि बीते तीन दिनों में ही चाकूबाजी की सात बड़ी वारदातें दर्ज की गई हैं। लगातार बढ़ रही हिंसक घटनाओं ने शहरवासियों में भय और असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया है।

पुलिस रिकॉर्ड भी इस चिंताजनक स्थिति की पुष्टि कर रहे हैं। वर्ष 2025 की तुलना में इस साल 1 जनवरी से 30 अप्रैल तक हत्या के प्रयास (अटेम्प्ट टू मर्डर) के मामलों में लगभग 200 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। यह आंकड़ा न केवल कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती है, बल्कि समाज में बढ़ती हिंसक मानसिकता का भी संकेत माना जा रहा है।

हाल ही में सामने आए मामलों में कोतवाली क्षेत्र का रोड रेज मामला सबसे ज्यादा चर्चा में रहा, जहां मामूली विवाद ने देखते ही देखते खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। इसी तरह शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में युवकों पर चाकुओं से हमले, गैंगवार जैसी घटनाएं और बदले की भावना से किए गए वारदातों ने पुलिस की चिंता बढ़ा दी है।

#### 'भाईगिरी' की चाह में बन रहे अपराधी

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अधिकांश मामलों में अपराधी कोई पेशेवर गैंगस्टर नहीं, बल्कि स्थानीय युवक हैं जो अपने इलाके में दबदबा बनाने और दोस्तों के बीच 'खतरनाक' छवि गढ़ने के लिए हिंसा का रास्ता अपना रहे हैं। सोशल मीडिया पर हथियारों के साथ फोटो और वीडियो डालने की बढ़ती प्रवृत्ति ने भी इस मानसिकता को बढ़ावा दिया है।

चौंकाने वाली बात यह है कि कई मामलों में पहली बार अपराध करने वाले युवक और नाबालिग भी शामिल पाए गए हैं। पुलिस जांच में सामने आया है कि छोटी-छोटी बातों पर गुस्से पर नियंत्रण न रख पाने और त्वरित प्रतिक्रिया देने की प्रवृत्ति इन घटनाओं की बड़ी वजह बन रही है।

#### मई में ही दर्ज हुए 41 गंभीर मामले

पुलिस आंकड़ों के अनुसार अकेले मई महीने में हत्या के प्रयास के 20 और गैर-इरादतन हत्या के प्रयास के 21 मामले दर्ज किए जा चुके हैं। यह संख्या बताती है कि शहर में हिंसक अपराध किस तेजी से बढ़ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इस प्रवृत्ति पर अंकुश नहीं लगाया गया तो आने वाले समय में स्थिति और गंभीर हो सकती है।

सामाजिक विश्लेषकों के अनुसार बेरोजगारी, नशे की बढ़ती लत, सोशल मीडिया पर अपराधियों का महिमामंडन और गिरोहबाजी की संस्कृति युवाओं को गलत दिशा में धकेल रही है। परिणामस्वरूप छोटी-सी बहस भी जानलेवा हमले में बदल रही है।

#### पुलिस कमिश्नर ने जताई सख्ती

भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने कहा है कि शहर में चाकूबाजी की हर घटना को अत्यंत गंभीरता से लिया जा रहा है। अपराधियों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध के आंकड़ों में बढ़ोतरी का एक कारण यह भी है कि पुलिस अब हर छोटी-बड़ी घटना में गंभीर धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर रही है। इससे अपराध छिप नहीं रहे, बल्कि वास्तविक स्थिति सामने आ रही है।

#### अब QR कोड और खुफिया नेटवर्क का सहारा

बढ़ती घटनाओं को देखते हुए भोपाल पुलिस ने नई रणनीति तैयार की है। शहर के सार्वजनिक स्थलों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस हेल्पलाइन नंबर और विशेष क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। इनके माध्यम से नागरिक सीधे पुलिस को संदिग्ध गतिविधियों की सूचना दे सकेंगे।

इसके अलावा आदतन अपराधियों की निगरानी बढ़ा दी गई है। जिला बदर की कार्रवाई तेज कर दी गई है और ऐसे तत्वों की सूची तैयार की जा रही है जो शहर का माहौल खराब करने में सक्रिय हैं। पुलिस का खुफिया नेटवर्क भी मजबूत किया जा रहा है ताकि वारदात होने से पहले ही अपराधियों पर कार्रवाई की जा सके।

#### राजधानी के सामने बड़ी चुनौती

भोपाल लंबे समय तक शांत और अपेक्षाकृत सुरक्षित शहर माना जाता रहा है, लेकिन हाल के दिनों में बढ़ती चाकूबाजी और जानलेवा हमलों ने इस पहचान पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तीन दिन में सात चाकूबाजी और हत्या के प्रयास के मामलों में 200 प्रतिशत उछाल केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि राजधानी के लिए गंभीर चेतावनी है।

अब नजर पुलिस की नई रणनीति और प्रशासनिक सख्ती पर टिकी है। सवाल यह है कि क्या कानून का खौफ लौटेगा और भोपाल फिर से सुरक्षित राजधानी बन पाएगा, या फिर 'भाईगिरी' और हिंसा की यह संस्कृति आने वाले दिनों में और भयावह रूप लेगी।

# 'लड़कों के साथ खेलती है' कहकर निकाली गई होनहार सेलर- 3 साल से न्याय के लिए भटक रही 13 वर्षीय ध्रुवी

### 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ' के दावों पर सवाल, राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी को वॉटर स्पोर्ट्स एकेडमी से बाहर करने का आरोप; परिवार ने उठाई निष्पक्ष जांच की मांग

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने खेल व्यवस्था, महिला सशक्तिकरण और 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' जैसे सरकारी अभियानों की जमीनी हकीकत पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। महज 13 वर्ष की प्रतिभाशाली सेलर ध्रुवी टंडन पिछले तीन वर्षों से अपने खेल करियर को बचाने और वॉटर स्पोर्ट्स एकेडमी में दोबारा प्रवेश पाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रही है।

परिवार का आरोप है कि ध्रुवी को एकेडमी से यह कहकर बाहर कर दिया गया कि वह लड़कों के साथ खेलती और अभ्यास करती है। यह आरोप उस खिलाड़ी पर लगाया गया जिसने कम उम्र में ही अपनी प्रतिभा और मेहनत से पहचान बनाई थी। अब सवाल यह उठ रहा है कि खेल के मैदान में समान अवसर की बात करने वाली व्यवस्था आखिर एक बालिका खिलाड़ी के साथ ऐसा व्यवहार क्यों कर रही है?

ध्रुवी टंडन की कहानी केवल एक खिलाड़ी की संघर्ष गाथा नहीं, बल्कि उन हजारों बेटियों की पीड़ा का प्रतीक बन गई है जो प्रतिभा होने के बावजूद व्यवस्था की दीवारों से टकरा जाती हैं। परिवार का कहना है कि पिछले तीन वर्षों में उन्होंने खेल विभाग, एकेडमी प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों के सामने कई बार अपनी बात रखी, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकला।

#### खेल के सपनों पर लगा ताला

ध्रुवी बचपन से ही सेलिंग (नौकायन) खेल में रुचि रखती थी। उसकी मेहनत और प्रदर्शन को देखते हुए परिवार को उम्मीद थी कि वह राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश का नाम रोशन करेगी। लेकिन एकेडमी से बाहर किए जाने के बाद उसका खेल करियर लगभग ठहर गया।

## आदिवासियों की जमीन बचाने कांग्रेस का बिगुल, प्रदेशभर में चलेगा संघर्ष

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस ने आदिवासियों की जमीन, जल-जंगल और अधिकारों की रक्षा के लिए बड़ा आंदोलन छेड़ने का ऐलान किया है। शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) में आयोजित आदिवासी कांग्रेस की प्रदेश कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों की बैठक में इस मुद्दे पर रणनीति तैयार की गई। बैठक के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार की सक्रिय मौजूदगी और आपसी चर्चा भी राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय रही।

बैठक के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के कारण आदिवासियों की जमीन लगातार छीनी जा रही है। उन्होंने दावा किया कि पिछले 25 वर्षों में प्रदेश की 1 लाख 26 हजार हेक्टेयर जमीन निजी हाथों में सौंप दी गई है। सिंगरौली, उमरिया, झाबुआ, रतलाम, धार, पन्ना और छतरपुर जैसे जिलों में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ कांग्रेस संघर्ष करेगी।

पटवारी ने कहा कि जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार आदिवासी समाज का है। कांग्रेस गांव-गांव जाकर आदिवासियों के अधिकारों की रक्षा के लिए अभियान चलाएगी। आंदोलन की रणनीति तैयार करने की जिम्मेदारी उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री कमलेश्वर पटेल और विधायक विक्रांत भूरिया को सौंपी गई है।

उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज आज भी गरीबी, पलायन और अत्याचार की मार झेल रहा है। कांग्रेस इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाते हुए प्रदेशव्यापी जनआंदोलन खड़ा करेगी और आदिवासियों के अधिकारों की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी।

# गोविंदपुरा की फैक्ट्री में आग का तांडव: रातभर धधकती रही लपटें, करोड़ों की संपत्ति राख

### लकड़ी, केमिकल और थिनर ने आग को बनाया विकराल; 100 टैंकर पानी, 50 से ज्यादा दमकलकर्मी और जेसीबी की मदद से पाया गया काबू

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के औद्योगिक क्षेत्र गोविंदपुरा में शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात उस समय अफरा-तफरी मच गई जब शुभम एंटरप्राइजेस फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी फैक्ट्री को अपनी चपेट में ले लिया और आसमान में उठती लपटें कई किलोमीटर दूर से दिखाई देने लगीं। फैक्ट्री के भीतर भारी मात्रा में लकड़ी, प्लाईवुड, केमिकल और थिनर का भंडारण होने के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया।

आग इतनी भयंकर थी कि नगर निगम के फायर अमले को रातभर संघर्ष करना पड़ा। कई फायर स्टेशनों से दमकल वाहन और पानी के टैंकर मौके पर बुलाए गए। घंटों की मशक्कत के बाद आग को बड़ी लपटों पर तो काबू पा लिया गया, लेकिन शनिवार दोपहर तक फैक्ट्री के अंदर कई जगह आग सुलगती रही।

#### रातभर चला रेस्क्यू ऑपरेशन

घटना की सूचना मिलते ही गांधीनगर, गोविंदपुरा, कोलार, बैरागढ़, फतेहगढ़, आईएसबीटी और कबाड़खाना फायर स्टेशनों से दमकल वाहन घटनास्थल पर पहुंच गए। आग बुझाने के लिए निगम के 50 से अधिक अधिकारी और कर्मचारी पूरी रात डटे रहे।

फायर प्रभारी सौरभ पटेल, सहायक प्रभारी विजय त्रिपाठी और फायर फाइटर पंकज यादव के नेतृत्व में राहत एवं बचाव अभियान चलाया गया। सुबह करीब नौ बजे तक आग की मुख्य लपटों पर नियंत्रण पा लिया गया, लेकिन अंदर रखे केमिकल और लकड़ी के ढेर बार-बार सुलग रहे थे, जिससे दमकलकर्मियों को लगातार पानी डालना पड़ा।

#### जेसीबी से तोड़नी पड़ी पूरी संरचना

आग बुझाने में सबसे बड़ी चुनौती फैक्ट्री के भीतर मौजूद ज्वलनशील सामग्री थी। पानी डालने के बावजूद आग अंदर तक धधक रही थी। स्थिति को देखते हुए दो जेसीबी मशीनें बुलाई गईं और फैक्ट्री की दीवारों तथा छत के हिस्सों को तोड़ना पड़ा। इसके बाद लकड़ी और अन्य सामग्री को अलग-अलग कर आग तक पहुंच बनाई गई। फायर टीमों ने बताया कि यदि संरचना नहीं तोड़ी जाती तो आग कई घंटे और धधकती रहती तथा आसपास की फैक्ट्रियों तक फैल सकती थी।

#### आसपास की फैक्ट्रियों पर भी मंडराया खतरा

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुभम एंटरप्राइजेस के आसपास तीन से चार अन्य औद्योगिक इकाइयां भी स्थित हैं। आग की तीव्रता को देखते हुए कुछ समय के लिए पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया था।

दमकल विभाग ने रणनीतिक तरीके से आसपास की फैक्ट्रियों की दीवारों और कनेक्टिंग पॉइंट्स पर लगातार पानी की बौछार की। इसी सतर्कता के कारण आग दूसरे प्रतिष्ठानों तक नहीं पहुंच सकी। यदि आग फैल जाती तो नुकसान कई गुना बढ़ सकता था।

#### लकड़ी और केमिकल बने विनाश की वजह

जानकारी के अनुसार शुभम एंटरप्राइजेस में बड़े पैमाने पर प्लाईवुड, लकड़ी के दरवाजे और ब्लैक बोर्ड तैयार किए जाते हैं। उत्पादन में उपयोग होने वाले थिनर, केमिकल और अन्य ज्वलनशील पदार्थ भी बड़ी मात्रा में मौजूद थे।

विशेषज्ञों के अनुसार लकड़ी और थिनर के मिश्रण ने आग को बेहद खतरनाक बना दिया। आग बुझाने के लिए डाला गया पानी भी कई स्थानों पर प्रभावी नहीं हो पा रहा था क्योंकि केमिकल की वजह से आग बार-बार भड़क रही थी।

## संपादकीय

# शेयर बाजार में भारतीय निवेशकों के 13 लाख करोड़ रुपये डूबे

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज की जो ताजा रिपोर्ट प्रकाशित हुई है। उसके अनुसार भारतीय शेयर बाजार में पिछले तीन माह में भारी उतार चढ़ाव के कारण निवेशकों के 13 लाख करोड रुपए शेयर बाजार में डूब गए हैं। चौथी तिमाही में निफ्टी 50 में 10 फीसदी से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। भारतीय शेयर बाजार में जिस तरह की गिरावट निरंतर बनी हुई है। उसने भारत के संस्थागत निवेशक वित्तीय संस्थान बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम की चिंताऐं तेजी के साथ बढ़ती जा रही है। ईरान और अमेरिका के बीच जिस तरह से तनाव बना हुआ है। यह आगे और बढ़ता हुआ दिख रहा है। दुनिया के अधिकांश देशों में ऊर्जा संकट लगातार बढ़ रहा है। ऊर्जा संकट के कारण अर्थव्यवस्था में भारी उथल-पुथल देखने को मिल रही है। ऊर्जा संकट ने पूरी दुनिया में एक अलग तरह के आर्थिक संकट को जन्म दिया है। कच्चे तेल और गैस इत्यादि के बढ़ते दाम, उपलब्धता में लगातार कमी से शेयर बाजारों को बुरी तरह से प्रभावित किया है। विदेशी निवेशक भारत से अपना निवेश निकलकर भाग रहे हैं। 2026 एनएसई की जो रिपोर्ट प्रकाशित हुई है।उसके अनुसार सूचीबद्ध कंपनियों में घरेलू निवेशकों की कुल हिस्सेदारी बढ़ती जा रही है।

विदेशी निवेशक लगातार कई वर्षों से मुनाफा वसूली कर रहे थे। भारत का पैसा मुनाफे के रूप में विदेशों में चला गया है। विदेशी निवेश लगातार निकलने के कारण वहीं विदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी न्यूनतम स्तर पर आ गई है। लगातार गिरावट के कारण भारत में घरेलू निवेशकों का फंड घटकर 76. 5 लाख करोड रुपए रह गया है. पिछली तिमाही के आधार पर लगभग 13 फ़ीसदी की गिरावट आई है। रिपोर्ट के अनुसार विदेशी पोर्टफोलियो में निवेशकों ने 19.6 अरब डॉलर भारतीय शेयर बाजार से निकाल लिए हैं। सूचीबद्ध कंपनियों में विदेशी निवेशको की हिस्सेदारी घटकर 17 साल के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। जो वर्तमान में चिंता का सबसे बड़ा कारण बन गया है। शेयर बाजार के साथ-साथ विदेशी मुद्रा का संकट भी भारत में बढ़ता चला जा रहा है। डॉलर के मुकाबले रुपए की कीमत लगातार गिर रही है। कच्चे तेल और गैस की कीमतें बढ़ने और डॉलर मुद्रा में भुगतान के कारण आर्थिक स्थिति में बड़ा दबाव देखने को मिल रहा है। चीन से आयात की तुलना में निर्यात बहुत कम है।युवान मुद्रा को लेकर भी लगातार भारतीय अर्थव्यवस्था संकट में फंसती चली जा रही है। आर्थिक विशेषज्ञों का कहना है, डॉलर से ज्यादा खराब स्थिति युवान के कारण भारत की अर्थव्यवस्था को झेलना पड़ रही है। चीन से भारत का आयात निर्यात में अंतर बढ़ता चला जा रहा है। राजकोषीय घाटा लगातार बढ़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था दो पाटों के बीच में फंसकर रह गई है। डॉलर और युवान दोनों ही भारत के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। जिस तरह की स्थिति वर्तमान में बन रही है। उसने सभी अर्थशास्त्रियों को चिंता में डाल दिया है। डीजल और पेट्रोल की कीमतें चार बार बढ़ा दी गई हैं। इसका असर महंगाई पर पड़ रहा है। महंगा डीजल पेट्रोल महंगाई को बढ़ाने का काम कर रहा है। सरकार ने औद्योगिक कंपनियों के लिए डीजल का रेट बढ़ाकर 149 रुपए प्रति लीटर कर दिया है। औद्योगिक प्रतिष्ठानों को 54 रुपए प्रति लीटर ज्यादा भुगतान करना पड़ रहा है। इसका असर सभी उत्पाद पर पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में आने वाले दिनों में अर्थव्यवस्था का संकट सभी के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। शेयर बाजार और भारतीय अर्थव्यवस्था में जिस तरह की नकारात्मकता देखने को मिल रही है। उसको देखते हुए यही कहा जा सकता है। सरकार ने वास्तविकता को स्वीकार करते हुए यदि कठोर निर्णय नहीं लिए तो स्थिति बद से बदतर हो सकती है।

केंद्र सरकार और रिजर्व बैंक को स्थितियों का मुकाबला करने के लिए जिस तरह के प्रयास करने चाहिए, उस तरह के प्रयास कहीं से भी होते हुए नही दिख रहे हैं। उल्टा सरकार वर्तमान स्थिति का मुकाबला आंख मूंदकर, भगवान भरोसे संकट के समय मुंह मोड़ रही है। उसके कारण स्थिति दिनों दिन खराब हो रही है। सरकार अभी भी यह मानकर चल रही है। कुछ दिनों के बाद स्थिति ठीक हो जाएगी। स्थिति ठीक होने के स्थान पर दिन प्रतिदिन खराब होती जा रही है।सरकार को गंभीरता से वर्तमान स्थिति पर विचार करना चाहिए। आम जनता और विपक्ष को वास्तविक स्थिति से अवगत कराते हुए, संकट का सामना किस तरह से करना है। इसके लिए सभी को विश्वास में लेना जरूरी है।

**सनत जैन**

# कलम की चेतना से डिजिटल युग तक हिन्दी पत्रकारिता की गौरव गाथा

## हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर विशेष

**विनोद कुमार सिंह 'तकियावाला'**

'खींचो न कमानों को, न तलवार निकालो,जब तोप मुकाबिल हो तो अखबार निकालो। 'अकबर इलाहाबादी की यह प्रसिद्ध पंक्ति केवल साहित्यिक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि भारतीय पत्रकारिता की आत्मा है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस उस चेतना,संघर्ष और वैचारिक शक्ति का प्रतीक है जिसने भारत के जनमानस को जागृत किया, स्वतंत्रता आंदोलन को जनांदोलन बनाया और लोकतंत्र को मजबूत आधार प्रदान किया। भारत की आत्मा उसकी भाषाओं में बसती है और उन भाषाओं की चेतना को जन-जन तक पहुंचाने का सबसे प्रभावशाली माध्यम पत्रकारिता रही है।हिन्दी पत्रकारिता केवल समाचारों का संसार नहीं, बल्कि यह भारत की सामाजिक चेतना, सांस्कृतिक अस्मिता,राष्ट्रीय स्वाभिमान और लोकतांत्रिक मूल्यों की जीवंत धारा है। हिन्दी पत्रकारिता दिवस केवल एक तिथि नहीं,बल्कि उस ऐतिहासिक यात्रा का स्मरण है जिसमें कलम ने सत्ता से प्रश्न पूछे,समाज को दिशा दी और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

30 मई 1826 का वह ऐतिहासिक दिन भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में स्वर्णाक्षरों में अंकित है,जब पंडित युगल किशोर शुक्ल ने कोलकाता से हिन्दी के प्रथम समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन प्रारंभ किया। उस समय अंग्रेजी शासन का दौर था। संसाधनों का अभाव, आर्थिक कठिनाइयां और हिन्दी भाषियों तक समाचार पहुंचाने की सीमित व्यवस्था जैसी अनेक बाधाएं थीं,लेकिन राष्ट्रभाषा के प्रति समर्पण इतना प्रबल था कि विपरीत परिस्थितियों में भी हिन्दी पत्रकारिता का दीप प्रज्वलित हुआ। यही दीप आगे

चलकर जनचेतना की मशाल बन गया। हिन्दी पत्रकारिता की प्रारंभिक यात्रा संघर्षों से भरी रही। आर्थिक संकट,सरकारी उपेक्षा और तकनीकी अभाव के बावजूद हिन्दी समाचार पत्रों ने समाज को नई दिशा देने का कार्य किया। 'बनारस अखबार', 'हिन्दी प्रदीप', 'कवि वचन सुधा', 'भारत मित्र', 'सरस्वती' और 'प्रताप' जैसे पत्रों ने राष्ट्रीय चेतना को जागृत किया। उस समय पत्रकारिता व्यवसाय नहीं,बल्कि राष्ट्र सेवा का माध्यम थी। पत्रकार अपनी लेखनी के माध्यम से अंग्रेजी शासन के विरुद्ध आवाज उठाते थे और समाज में शिक्षा, स्वाभिमान तथा स्वतंत्रता की भावना का संचार करते थे। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही । लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक,गणेश शंकर विद्यार्थी,बाबूराव विष्णु पराड़कर, माखनलाल चतुर्वेदी और महात्मा गांधी जैसे महान पत्रकारों एवं विचारकों ने अपनी लेखनी को राष्ट्रहित के लिए समर्पित कर दिया। गणेश शंकर विद्यार्थी का 'प्रताप' केवल समाचार पत्र नहीं था,बल्कि अन्याय के विरुद्ध संघर्ष की आवाज था। बाबूराव विष्णु पराड़कर ने हिन्दी पत्रकारिता को वैचारिक गंभीरता और सामाजिक उत्तरदायित्व प्रदान किया। महात्मा गाँधी ने पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम माना और सत्य,नैतिकता तथा जनहित को पत्रकारिता का मूल आधार बनाया।उस दौर की पत्रकारिता मिशन की पत्रकारिता थी। पत्रकार सत्ता के गलियारों में नहीं,बल्कि जनता के बीच खड़े दिखाई देते थे। लेखनी जेल गई,अखबार बंद हुए,मुकदमे चले, लेकिन कलम झुकी नहीं।

'सत्य लिखना यदि अपराध है,
तो यह अपराध बार-बार होगा। '

यह भावना उस समय की पत्रकारिता की पहचान थी।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिन्दी पत्रकारिता ने राष्ट्र निर्माण में नई भूमिका निभाई। गाँव,गरीब, किसान,मजदूर,श्रमिक और आम नागरिक की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।रेडियो, दूरदर्शन और बाद में उपग्रह चैनलों के आगमन ने पत्रकारिता के स्वरूप को व्यापक बनाया। हिन्दी समाचार पत्रों का प्रसार गांवों तक पहुंचा और हिन्दी भाषा देश की सबसे प्रभावशाली मीडिया भाषा बनकर उभरी। हिन्दी पत्रकारिता की सबसे बड़ी शक्ति उसकी भाषा और जनसरोकार रहे हैं। हिन्दी ने उन लोगों की आवाज को शब्द दिए, जिनकी पीड़ा अक्सर सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंच पाती थी। यही कारण है कि हिन्दी पत्रकारिता जनमानस से जुड़ी पत्रकारिता बनी। समय के साथ पत्रकारिता का स्वरूप तेजी से बदला। प्रिंट मीडिया से इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और अब डिजिटल मीडिया के युग में सूचना की गति अभूतपूर्व हो गई है। आज मोबाइल पत्रकारिता, डिजिटल न्यूज़ पोर्टल,सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म,पॉडकास्ट, यूट्यूब चैनल और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित तकनीकों ने समाचारों की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है।

## सुविचार

मैं एक मजदूर हूँ। जिस दिन कुछ लिख न लूँ, उस दिन मुझे रोटी खाने का कोई हक नहीं।

**- प्रेमचंद**

उदार मन वाले विभिन्न धर्मों में सत्य देखते हैं। संकीर्ण मन वाले केवल अंतर देखते हैं।

**- गौतम बुद्ध**

## प्रसंगत

### परोपकार की सीख

अरब के एक खलीफा बेहद ईमानदार और न्यायप्रिय थे। एक बार वह बीमार हो गए। उनका काफी इलाज कराया गया लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। अपना अंत समय जान खलीफा ने खजांची को बुलाया और उससे पूछा, 'बताओ, खलीफा बनने के बाद मेरी निजी संपत्ति कितनी बढ़ी है?' खजांची ने हिसाब लगाया और बोला, 'हुजूर, आपकी निजी संपत्ति में एक ऊंट, एक दुशाला और एक बकरी का इजाफा हुआ है।' खलीफा ने उन्हें गरीबों में बांट देने का हुक्म दिया। इसके बाद उन्हें यह भी पता चला कि उन्होंने राजकोष से पांच हजार दिरहम लिए थे। इस पर वह बोले, 'मेरा घर बेचकर पांच हजार दिरहम खजाने में जमा कर दिए जाएं और जो बचें उन्हें गरीब लोगों व अनाथ बच्चों में बांट दिया जाए।' इसके बाद वह अपने आसपास खड़े सभी लोगों से बोले, 'मेरी आखिरी यात्रा में सिर्फतीन कपड़े मेरे जिस्म पर हों, जिनमें से दो तो इस वक्त मेरे शरीर पर हैं ही। तीसरा कपड़ा खरीद कर मुझ पर डाल दिया जाए।' यह सुनकर उनके कुछ मित्र बोले, 'हम तीनों नए कपड़े खरीद ही सकते हैं और फिर अंतिम यात्रा में तो नए कपड़े लिए जाने चाहिए, भला पुरानों से काम क्यों चलाया जाए?' उन मित्रों की बात सुनकर खलीफा बोले, 'अरे भाई, क्या तुम इतना भी नहीं जानते कि धरती पर नए कपड़ों की जरूरत मुर्दों के बजाय जिंदा लोगों को ज्यादा है।

# कश्मीर पर भारत का अडिग संकल्प और चीन पाकिस्तान को करारा संदेश

**कांतिलाल मांडोत**

जम्मू कश्मीर और लद्दाख को लेकर भारत की नीति हमेशा से स्पष्ट, दृढ़ और अटल रही है। भारत ने एक बार फिर पूरी दुनिया के सामने यह साफ कर दिया है कि जम्मू कश्मीर और लद्दाख उसके अभिन्न और अविभाज्य अंग हैं और रहेंगे। चीन और पाकिस्तान द्वारा जारी संयुक्त बयान के बाद भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से दिया गया कड़ा जवाब केवल एक कूटनीतिक प्रतिक्रिया नहीं था, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, राष्ट्रीय स्वाभिमान और क्षेत्रीय अखंडता की स्पष्ट घोषणा थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दो टूक शब्दों में कहा कि किसी भी देश को भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब चीन और पाकिस्तान लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर मुद्दे को जीवित रखने की कोशिश कर रहे हैं।

दरअसल पाकिस्तान लंबे समय से कश्मीर को अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने की असफल कोशिश करता रहा है। उसे यह भय सताता है कि यदि दुनिया ने जम्मू कश्मीर और लद्दाख को पूरी तरह भारत का हिस्सा मान लिया तो उसका दशकों पुराना प्रचार तंत्र पूरी तरह ध्वस्त हो जाएगा। दूसरी ओर चीन भी अपनी सामरिक और आर्थिक महत्वाकांक्षाओं के कारण पाकिस्तान के साथ खड़ा दिखाई देता है। चीन पाकिस्तान आर्थिक गलियारा यानी सीपेक का एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से होकर गुजरता है। भारत शुरू से इस परियोजना का विरोध करता आया है क्योंकि यह भारत की संप्रभुता का उल्लंघन है। भारत का स्पष्ट मत है कि जिस क्षेत्र पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है वहां किसी तीसरे देश की परियोजना स्वीकार नहीं की जा सकती। चीन और पाकिस्तान यह भलीभांति जानते हैं कि यदि उन्होंने कश्मीर और लद्दाख का नाम लेना बंद कर दिया तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह संदेश जाएगा कि ये क्षेत्र पूरी तरह भारत के ही अंग हैं। यही कारण है कि दोनों देश समय समय पर संयुक्त बयान जारी कर इस मुद्दे को हवा देने का प्रयास करते रहते हैं। लेकिन वास्तविकता यह है कि दुनिया अब पाकिस्तान के पुराने दुष्प्रचार को गंभीरता से नहीं लेती। अधिकांश देशों ने यह समझ लिया है कि जम्मू कश्मीर भारत का आंतरिक विषय है और इसका समाधान भारत अपने संवैधानिक ढांचे के भीतर ही करेगा।

भारत ने वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू कश्मीर को पूर्ण रूप से भारतीय संविधान के दायरे में लाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया था। इसके बाद से पाकिस्तान लगातार बौखलाहट में दिखाई देता है। पाकिस्तान को उम्मीद थी कि दुनिया भारत के खिलाफ खड़ी होगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। संयुक्त राष्ट्र सहित अधिकांश वैश्विक शक्तियों ने इसे भारत का आंतरिक मामला माना। यही कारण है कि पाकिस्तान बार बार चीन का सहारा लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कश्मीर का मुद्दा उठाने की कोशिश करता है। चीन का रवैया भी पूरी तरह निष्पक्ष नहीं माना जा सकता। वह एक ओर भारत के साथ आर्थिक और व्यापारिक संबंध बनाए रखना चाहता है, वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान को सामरिक सहयोग देकर दक्षिण एशिया में अपना प्रभाव बढ़ाने की रणनीति पर काम करता है। लेकिन भारत अब पहले वाला भारत नहीं है। आज भारत आर्थिक, सामरिक और कूटनीतिक दृष्टि से दुनिया की बड़ी शक्तियों में शामिल हो चुका है।

## राज काज

### सर कटने के बाद भी नहीं मरता कॉकरोच

जज साहब ने बेरोजगार युवाओं की तुलना कॉकरोच से की है। जज साहब को शायद यह बात नहीं मालूम, कॉकरोच का सिर भी काट लिया जाए। उसके बाद भी वह मरता नहीं है। 10 दिन तक बिना पानी और एक महीने तक खाने के बिना जिंदा रह सकता है। हिरोशिमा नागासाकी के युद्ध के बाद भी कॉकरोच ही ऐसा प्राणी था। जो मरने से बचा रहा। जीवन और मृत्यु भगवान के हाथ में है। भगवान ने कॉकरोच को अद्भुत जीव बनाया है।कॉकरोच जीवटता की पहचान है। जल्द ही सारी दुनिया को इसका एहसास हो जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने जल्द बदला अपना फैसला

सुप्रीम कोर्ट ने एनसीईआरटी की किताब प्रकाशित अदालत के भ्रष्टाचार मामले को लेकर बहुत जल्दी अपना फैसला बदल दिया है। जिन तीन शिक्षाविदों को हटाने का आदेश दिया था। वह फैसला सुप्रीम कोर्ट ने वापस ले लिया है। न्याय पालिका में बढ़ रहे भ्रष्टाचार को लेकर जो अध्याय पुस्तक में शामिल किया गया था। उसको लिखने वाले अब सुप्रीम कोर्ट की कोप से बच गए हैं। कॉकरोच के बाद सुप्रीम कोर्ट भी लगता है, दबाव में आ गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने ट्विसा शर्मा मामले में लिया स्वयं संज्ञान

भोपाल की पूर्व जिला जज गिरीबाला सिंह की बहू के टिवशा शर्मा आत्महत्या मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वयं संज्ञान लेकर सुनवाई करने का फैसला किया है। न्यायपालिका पर इस समय शनि की महादशा चल रही है।न्यायपालिका के जो जज सही न्याय नहीं करेंगे।उन पर शनि का कोप बरसेगा। ऐसी ग्रह दशा है।न्याय पालिका में बैठे हुए लोग शनि की महादशा से हैरान और परेशान हैं। उनके ऊपर भी कोई है, इसका एहसास उन्हें अब हो रहा है।

### दुनिया में सबसे ज्यादा गर्म भारत

भारत के 22 शहरों में तापमान 47 डिग्री या उसके ऊपर है। दुनिया के सभी देशों में भारत हर मामले में गर्म है। मौसम, महंगाई, पेट्रोल,डीजल, खाद, दूध इत्यादि में सब मे गर्मी छाई हुई हैं। कहते हैं, भगवान जब देता है, छप्पर फाड़ कर देता है। हर मामले में भारत को बिन मांगे वह सब मिल रहा है।जो भारत ने सोचा भी नहीं था। सुप्रीम कोर्ट ने पर्यावरण विदों को विकास विरोधी बता दिया है। पर्यावरण के जानकार पर्यावरण बिगाड़ रहे हैं। विकास को रोक रहे हैं। ऐसा सुप्रीम कोर्ट का मानना है। इसको लेकर भी दोनों पक्षों में गर्मी बढ़ गई है।

## जरा हटके

# होल्जथुम के पास खुदाई में मिला 1700 सालों से दबा खजाना

**लंदन,** । उत्तरी लक्जमबर्ग के गांव होल्जथुम के पास जमीन के नीचे से सिक्के मिले हैं। यह सिक्के रोमन साम्राज्य के बताए जा रहे हैं। ये सिक्के 1700 सालों से जमीन में दबे हुए थे। खुदाई में पुरातत्वविदों को कुल 141 रोमन सोने के सिक्के मिले हैं। खुदाई में सिक्के खेत में बिखरे हुए नहीं थे, बल्कि एक ही जगह पर खजाने के रूप में सुरक्षित रखे गए थे। जानकारों के मुताबिक ये सभी सिक्के चौथी शताब्दी के अंत और पांचवीं शताब्दी की शुरुआत के हैं। यह वह समय था जब रोमन साम्राज्य का पश्चिमी हिस्सा भारी दबाव वाले दौर से गुजर रहा था। इस खजाने में कई अलग-अलग राजाओं के काल के सिक्के शामिल हैं, जो बार-बार बदलती सत्ता को दिखाते हैं। ऐसा माना जा रहा है कि जब इस इस क्षेत्र में असुरक्षा बढ़ी होगी, तब किसी ने इस खजाने को यहां छिपा दिया होगा।

इस खजाने में कुछ सिक्के ऐसे भी मिले हैं जो दुर्लभ हैं। इन सिक्कों पर सम्राट यूजीनियस की तस्वीर बनी है। इनका शासनकाल 390 के दशक की शुरुआत में केवल दो साल तक ही चला था। आंतरिक संघर्ष में हार के साथ समाप्त हो गया था। उनके इतने कम समय के शासन के कारण ही आज के समय में इन सिक्कों को दुर्लभ माना जाता है। ये सिक्के उस दौर की राजनीतिक अस्थिरता और कमजोर होती सत्ता का जीता-जागता सबूत हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वर्तमान में इन सभी सिक्कों के अध्ययन और संरक्षण का काम चल रहा है। हालांकि वित्तीय रूप से इस पूरे खजाने की कीमत सैकड़ों-हजारों यूरो आंकी गई है। एक्सपर्ट का साफ कहना है कि इसका ऐतिहासिक महत्व इसके मौद्रिक मूल्य से कहीं ज्यादा बढ़कर है। यह खजाना जिस जगह मिला है, उसका इतिहास भी बहुत अहम है। पुरातत्वविदों को यह खजाना उत्तर रोमन काल की एक मीनार के अवशेषों के पास मिला है। यह मीनार उस दौर में साम्राज्य की उत्तरी सीमा पर एक निगरानी चौकी के रूप में काम करती थी। गैलिया बेल्जिका का यह पूरा इलाका व्यापार, सेना और राजनीतिक गतिविधियों का एक मुख्य केंद्र हुआ करता था।

मीनार के पास कुछ कब्रें भी मिली हैं। इससे यह साफ होता है कि यह केवल एक सैन्य ठिकाना नहीं था। यहां लोगों की बस्ती भी थी, जिसका स्वरूप समय के साथ बदलता चला गया।

## फोटो ऑफ द डे

न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्रमहासचिव एंटोनियो गुटारेस यूक्रेन को लेकर सुरक्षा परिषद की बैठक में चिंन्ता जताते हुए।

## व्यंग

# चुनावी कुकरहाव

**संजीव शुक्ल**

चाहे जितनी आचार संहिता लगाओ चुनावी मौसम में चुनावी कुकरहाव बढ़ ही जाता है। कुछ लोग आचार-संहिता को अचार समझ उसे उदरस्थ करने में देर नहीं लगाते। बड़ी तू-तू-मैं-मैं बढ़ जाती है। ठीक वैसे ही जैसे एक टोले के कुत्ते दूसरे टोले के कुत्ते पर भोंकने लगते हैं, बस देख भर लें, मानो एक दूसरे पर शुरू। यही हाल पार्टियों के नेताओं और समर्थकों का है। यहाँ कुत्ता न होकर के भी कुत्तेपना को जीने की भरसक कोशिश की जाती है। बस शरीर ही इंसान का रहता है,आत्मा पूरी तरह से कुत्ते की हो चुकी होती है।

इस चुनावी मदमस्त बयार में कोई भी अपने में नहीं है, सभी दलीय वाला पव्वा चढ़ाये घूम रहे हैं। 'अपनो दल जीति रहो, दूसरों न कोई' की भावना से वशीभूत होकर। ऐसे में दूसरे दल उसी तरह फूटी आँख नहीं सुहाते जैसे इमरान खान की पूर्व पत्नियों को इमरान साहब। चुनाव में सब एक दूसरे पर कड़ी निगाह रखते हैं। मसाला मिलने भर की देर है मानो कुकरहाव शुरू। हमारे यहाँ एक कहावत है जो वेदवाक्य की तरह समादृत है वह यह कि 'प्रेम और युद्ध मे सब जायज़ है'। अतः इस जायज़पना को पूरी तरह से जीने की ग़रज़ से हम चुनाव, जो कि एक युद्ध जैसा ही होता है, में कोई कसर नहीं उठा रखते। यहाँ दूसरे के हर जायज़ काम को नाजायज़ और अपने हर नाजायज़ काम को जायज़ ठहराने की होड़ रहती है। अब ऐसे में यदि कोई नेता मतदाता से संपर्क करते-करते किसी ग़रीब की कुटिया को कृतार्थ करने पहुँच जाय, तो विरोधी पक्ष इस तरह बुरा मान जाता है जैसे वह नेता ईवीएम मशीन साथ में लेकर गया हो और उससे वहीं वोट डलवा लिया हो, तिस पर अगर कहीं वो नेता उस ग़रीब के घर खाना खा ले तब तो समझो पेट में दर्द बल्कि भीषण दर्द शुरू। हालाँकि इस योजनाबद्ध क्षुधा-शांति कार्यक्रम में कृष्ण तो निश्चित होता है पर विदुर कौन होगा यह अनिश्चित होता है। वैसे विदुर तो पूरी जनता होती है, अब विदुरों की टोली में जिस पर प्रभु की कृपा हो जाय। 'साग विदुर घर खायो' कार्यक्रम पर हमारा कहना है कि प्रायोजित ही सही, पर काम तो नेक है ही, सो इतना कुकरहाव ठीक नहीं। यह अघोषित तथ्य है कि नेक काम चुनाव के दौरान थोक भाव में होते हैं। दरअसल, ये दिन नेक कामों के लिये शुभ दिन होते हैं। एक हिसाब से ये सहालग वाले दिन हैं।

इधर इन नेक कामों की श्रृंखला में एक और नेक काम दिख गया, वह यह कि एक चुनावी बसंती (उम्मीदवार) वोटरों से तादाम्य स्थापित करते-करते खेत जा पहुँची। वहाँ उन्हें कार्य के प्रति श्रद्धा जगी तो किसानों से उन्होंने आग्रह किया कि थोड़ा-सा उन्हें भी काम करने का मौक़ा दिया जाय। उनका बड़ा मन होता है काम करने का, पर संसदीय व्यस्तताओं के चलते वह अपने इस शौक़ को पूरा नहीं कर पाती हैं।

## चिंतन-मनन

### सदाचार की परीक्षा

राजा अंग सिंह के पुत्र प्रवीण सिंह गलत संगति में पड़कर अनुचित कार्य करने लगा। चारों तरफ से उसकी शिकायतें आने लगीं। इससे राजा अत्यंत चिंतित हो गए। प्रवीण सिंह अभी बालक ही था, इसलिए राजा चाहते थे कि उसका स्वभाव बदले और भविष्य में वह एक नेक राजा बन सके। वह उसे अपने गुरु सोमदेव के पास लेकर आए। सोमदेव ने युवराज को छह माह तक अपने आश्रम में छोड़ देने के लिए कहा। वह प्रतिदिन युवराज को अपने साथ रखते और उससे कई कार्य कराते। इसी तरह तीन महीने बीत गए। अब राजकुमार पर सुसंगति के साथ ही गुरुदेव की बातों का असर पड़ने लगा था। एक दिन गुरु बोले, पुत्र, ईश्वर हर जगह मौजूद है। याद रखो दुष्कर्म और पाप की सजा मिलती अवश्य है क्योंकि ईश्वर सब कुछ देख रहा होता है। जब तुम किसी प्रलोभन से पाप करने को उतारू हो तो वहीं ईश्वर की उपस्थिति का अनुभव करो। तुम हर जगह यह सोचो कि मेरा प्रभु मेरे सामने है। वह ये बातें प्रतिदिन युवराज को बताते। एक दिन उन्होंने राजकुमार को एक खरगोश देकर उसे एकांत में ले जाकर मारने को कहा। युवराज खरगोश को लेकर कई स्थानों पर गया लेकिन उसकी गर्दन नहीं मरोड़ पाया। वह जब भी उसकी गर्दन पर हाथ रखता तो उसकी निरीह आंखों में उसे ईश्वर नजर आते। कई घंटों बाद वह वापस जीवित खरगोश को लेकर गुरु के पास पहुंचा और बोला, गुरु जी आप ही ने तो सिखाया है कि हर किसी में ईश्वर की उपस्थिति समझो।

## स्वास्थ्य

# नई ऊर्जा भरकर मानसिक तनाव कम करता है मत्स्यासन

**नई दिल्ली** । अनियमित दिनचर्या और तनाव की वजह से आजकल लोगों में थकान और सुस्ती की समस्या तेजी से बढ़ रही है। दिनभर की भागदौड़ और मानसिक दबाव का असर हमारे शरीर और दिमाग दोनों पर दिखाई देता है। ऐसे में योग क्रिया मत्स्यासन को बेहद लाभकारी माना जा रहा है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, मत्स्यासन ऐसा योगासन है जो शरीर में नई ऊर्जा भरने के साथ मानसिक तनाव को कम करने में भी मदद करता है। यही वजह है कि इसे थकान और सुस्ती दूर करने के लिए प्रभावी आसनों में शामिल किया गया है। विशेषज्ञों के मुताबिक, मत्स्यासन करने से छाती पूरी तरह खुलती है, जिससे व्यक्ति गहरी सांस ले पाता है। गहरी सांस लेने से शरीर में ऑक्सीजन का स्तर बेहतर होता है और खून का संचार अधिक सक्रिय हो जाता है। शरीर के विभिन्न हिस्सों तक पर्याप्त ऑक्सीजन पहुंचने से कोशिकाओं को ऊर्जा मिलती है और थकान धीरे-धीरे कम होने लगती है। यही कारण है कि नियमित अभ्यास करने वाले लोग खुद को ज्यादा ऊर्जावान और सक्रिय महसूस करते हैं। यह योगासन रीढ़ की हड्डी को पीछे की ओर खिंचाव देता है, जिससे नसों पर पड़ने वाला दबाव कम होता है। रीढ़ के आसपास मौजूद नर्व सिस्टम शरीर की ऊर्जा और मानसिक संतुलन को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाता है। जब यह हिस्सा आराम की स्थिति में आता है,

# अमेरिका का दावा: ईरान से जुड़े 1 अरब डॉलर के क्रिप्टो फंड जब्त

**वॉशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच अमेरिकी प्रशासन ने तेहरान को बड़ा आर्थिक झटका देने का दावा किया है। अमेरिकी ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने कहा कि अमेरिका ने ईरान से जुड़े लगभग एक अरब डॉलर मूल्य के क्रिप्टोकरेंसी फंड जब्त कर लिए हैं। यह कार्रवाई अमेरिकी अभियान 卐ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी卐 के तहत की गई है, जिसका उद्देश्य ईरान के वित्तीय नेटवर्क और आर्थिक संसाधनों को कमजोर करना बताया गया है।

एक साक्षात्कार के दौरान बेसेंट ने दावा किया कि अमेरिकी एजेंसियों ने सीधे ईरान से जुड़े डिजिटल वॉलेट्स पर नियंत्रण स्थापित कर लगभग एक अरब डॉलर के क्रिप्टो फंड जब्त किए हैं। उनके अनुसार, हाल के सप्ताहों में आर्थिक प्रतिबंधों और सैन्य दबाव ने ईरान की अर्थव्यवस्था पर गंभीर प्रभाव डाला है। ट्रेजरी सचिव ने कहा कि पिछले पांच से छह सप्ताह में हुए कदमों के कारण ईरान की आर्थिक स्थिति और चुनौतीपूर्ण हो गई है। उन्होंने दावा किया कि देश में महंगाई बढ़ रही है, सरकारी वित्तीय संसाधनों पर दबाव है और कई क्षेत्रों में भुगतान संबंधी समस्याएं सामने आ रही हैं। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है।

बेसेंट के अनुसार मार्च 2025 में शुरू किए गए 卐ऑपरेशन इकोनॉमिक फ्यूरी卐 के तहत ईरान के बैंक खातों, विदेशी परिसंपत्तियों और अंतरराष्ट्रीय वित्तीय नेटवर्क को निशाना बनाया गया है।

## ट्रंप की शर्तें नहीं मानेगा ईरान कहा- परमाणु कार्यक्रम नहीं रोकेंगे

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे गहरे कूटनीतिक संघर्ष के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शांति समझौते के लिए बेहद सख्त शर्तें सामने रख दी हैं, जिन्हें ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए अपनी मांगों को स्पष्ट करते हुए कहा कि ईरान को किसी भी कीमत पर परमाणु हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जा सकती। इसके साथ ही उन्होंने अंतरराष्ट्रीय जहाजों के सुरक्षित आवागमन के लिए होर्मुज स्ट्रेट को तुरंत और बिना किसी टोल के खोलने की पुरजोर मांग की है। इस ईरान ने भी दो टूक जवाब देते हुए कहा कि तेहरान किसी भी सूरत में परमाणु कार्यक्रम नहीं रोकेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने प्रस्ताव दिया कि पिछले सैन्य हमलों में क्षतिग्रस्त हो चुकी ईरानी परमाणु सुविधाओं के मलबे में दबे यूरेनियम को अमेरिका, ईरान और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के आपसी तालमेल से सुरक्षित निकालकर पूरी तरह नष्ट किया जाना चाहिए।

इजरायली जेलों में दुष्कर्म और यौन उत्पीड़न के मामले हुए उजागर।

# ईरान ने दिया हमले का जवाब, अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइल दागीं, कई सैनिक घायल

**दोहा।** ईरान ने अमेरिका के हालिया हमलों के जवाब में एक अमेरिकी सैन्य अड्डे पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया। इस हमले में कई अमेरिकी सैनिकों के घायल होने की खबर है। इसके अलावा दो एमक्यू-9 रीपर ड्रोन भी डैमेज हुए हैं। दोनों देशों के बीच नाजुक युद्धविराम अब टूटने की कगार पर है। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि गुरुवार सुबह उसके बलों ने उस अमेरिकी एयर बेस को निशाना बनाया, जिससे रात में ईरान के दक्षिणी हिस्से, खासकर बंदर अब्बास क्षेत्र में हमले किए गए थे।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह जवाबी कार्रवाई आक्रामक अमेरिकी हमले के खिलाफ थी। अमेरिकी अधिकारियों ने भी इस हमले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटों के अंदर ईरान ने कुवैत में स्थित अली अल सलेम एयर बेस पर बैलिस्टिक मिसाइल से हमला किया है। हालांकि, कुवैत के एयर डिफेंस सिस्टम ने ईरान की मिसाइल को हवा में ही रोक दिया, लेकिन मिसाइल का मलबा एयर बेस में गिरा। मलबा गिरने और आंशिक प्रभाव से अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका के दो बेहद अहम एमक्यू-9 रीपर स्ट्राइक ड्रोन को भारी नुकसान पहुंचा है। इनमें से एक ड्रोन पूरी तरह नष्ट हो गया है, जबकि कम से कम एक अन्य बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया । एक एमक्यू-9 रीपर ड्रोन की कीमत करीब 3 करोड़ डॉलर है। बता दें रीपर ड्रोन अमेरिकी रक्षा प्रणाली का बेहद अहम हिस्सा हैं, जिनका इस्तेमाल मुख्य रूप से खुफिया निगरानी और अचूक हवाई हमलों के लिए किया जाता है। इन ड्रोन्स का डैमेज होना अमेरिकी सेना के लिए बड़ा झटका है।

इस बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस में शुक्रवार को अपने सलाहकारों के साथ बैठक की लेकिन ईरान के साथ युद्धविराम की अवधि बढ़ाने और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को फिर से खोलने संबंधी प्रस्तावित समझौते पर अभी कोई अंतिम फैसला नहीं किया है।

इस बीच ईरान ने भी कहा है कि यह समझौता अभी अंतिम रूप नहीं ले पाया है। बैठक से पहले ट्रंप ने कहा था कि वह इस मुद्दे पर अंतिम निर्णय लेने वाले हैं।

## संस्थान का नाम बदलकर ट्रंप के नाम करने वाला प्रस्ताव कोर्ट ने खारिज किया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राजनीति में डोनाल्ड ट्रंप और विवादों का रिश्ता बेहद पुराना रहा है, लेकिन इस बार का टकराव किसी चुनावी रैली या राजनीतिक विरोधी से नहीं, बल्कि देश की न्यायपालिका और एक बेहद प्रतिष्ठित सांस्कृतिक संस्थान से जुड़ा है। वाशिंगटन स्थित ऐतिहासिक जॉन एफ. केनेडी सेंटर फॉर द परफॉर्मिंग आर्ट्स से अपना नाम जोड़ने के फैसले को एक संघीय जज द्वारा रद्द किए जाने के बाद डोनाल्ड ट्रंप बुरी तरह भड़क उठे हैं। अदालत ने न केवल नाम बदलने की योजना को खारिज किया, बल्कि इस सांस्कृतिक केंद्र के आधुनिकीकरण और मरम्मत के लिए इसे अस्थायी रूप से बंद करने के प्रस्ताव पर भी रोक लगा दी है। इस फैसले को ट्रंप ने अपने खिलाफ न्यायपालिका की एक और बड़ी साजिश करार दिया है।

इस पूरे विवाद की शुरुआत तब हुई थी जब केनेडी सेंटर के बोर्ड ऑफ ट्रस्टीज ने संस्थान के नाम के साथ डोनाल्ड ट्रंप का नाम जोड़ने का एक बड़ा निर्णय लिया था। इसके साथ ही, जर्जर हो चुकी इमारत की व्यापक मरम्मत के लिए इसे दो साल तक पूरी तरह बंद रखने का प्रस्ताव भी तैयार किया गया था। हालांकि, अमेरिकी जिला जज क्रिस्टोफर कूपर ने इस योजना को पूरी तरह पलट दिया। अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि संघीय कानून के तहत इस संस्थान का नामकरण पहले से तय है और इसमें किसी भी तरह का बदलाव करने का अधिकार केवल अमेरिकी कांग्रेस के पास सुरक्षित है। जज कूपर ने अपने आदेश में लिखा कि बोर्ड ने राष्ट्रपति ट्रंप के नाम पर केनेडी सेंटर का नाम बदलने का प्रयास करके अपने वैधानिक अधिकारों की सीमा का खुले तौर पर उल्लंघन किया है।

## भारत सेना को बना रहा आधुनिक, अमेरिका भी साथ मिलकर कर रहा काम- हेगसेथ

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि भारत तेजी से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के साथ सेना को आधुनिक बना रहा है। अमेरिका भी भारत के साथ मिलकर रक्षा उत्पादन और नई तकनीकों पर काम कर रहा है। सिंगापुर में एक कार्यक्रम में हेगसेथ ने कहा कि भारत हाई-एंड सैन्य ऑपरेशन संभालने के लिए मजबूत औद्योगिक और लॉजिस्टिक क्षमता तैयार कर रहा है। भारत खासकर हिंद महासागर क्षेत्र में शक्ति संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभा रहा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक हेगसेथ ने कहा कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र दुनिया का सबसे अहम इलाका बन चुका है और यहां सुरक्षा बनाए रखने में अमेरिकी सेना की बड़ी भूमिका है। उन्होंने देशों से अपनी रक्षा तैयारियों में ज्यादा निवेश करने की अपील की है।

हार्दिक पांड्या सहित कई बड़े खिलाड़ियों को बाहर कर सकती है मुम्बई इंडियंस :रिपोर्ट।

# शुभमन आईपीएल प्लेऑफ में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बने

**मोहाली।** गुजरात टाइटंस के कपतान शुभमन गिल ने राजस्थान रॉयल्य के खिलाफ दूसरे क्वालिफायर मुकाबले में शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाने के दौरान एक अहम रिकार्ड भी अपने नाम किया है। शुभमन ने अपनी पारी में 47 गेंदों पर ही 100 रन बना दिये। इससे वह आईपीएल प्लेऑफ में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये हैं।

इस मैच में 215 रन के विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए गिल ने यह मैच विजेता पारी खेली, जिसने गुजरात फाइनल में पहुंची।

इस मुकाबले में शुभमन ने 53 गेंदों में 104 रन बनाये। इसमें 15 शानदार चौके और तीन छक्के शामिल थे। यह आईपीएल में शुभमन का कुल पांचवां शतक है, जबकि कप्तान के तौर पर इस लीग में यह उनका दूसरा शतक है। इस दौरान उनकी और साई सुदर्शन के बीच हुई पहले विकेट के लिए 160 रन की साझेदारी हुई।

इस शतक के साथ ही शुभमन आईपीएल प्लेऑफ के इतिहास में सबसे तेज शतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गये। इस प्राकर उन्होंने अपना ही पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जो उन्होंने 2023 सीजन में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 129 रन की पारी के दौरान 49 गेंदों में बनाया था। शुभमन से पहले, रिद्धिमान साहा ने साल 2014 और रजत पाटीदार ने साल 2022 में प्लेऑफ में 49 गेंदों में शतक लगाये थे पर शुभमन ने इस शतक से सबको पीछे छोड़ दिया।

शुभमन अब प्लेऑफ मुकाबलों में दो शतक लगाने वाले पहले खिलाड़ी भी बन गए हैं। उनका पहला प्लेऑफ शतक भी 2023 के दूसरे क्वालिफायर में ही आया था। यह गुजरात टाइटंस के लिए भी सबसे तेज आईपीएल शतक है, जिसमें उन्होंने अपने ही 2023 के रिकॉर्ड (49 गेंदों में शतक) को बेहतर किया।

एक कप्तान के तौर पर आईपीएल प्लेऑफ में शतक लगाने वाले शुभमन गिल पहले खिलाड़ी हैं। उनकी और साई सुदर्शन की पहले विकेट के लिए 160 रन की रिकॉर्ड-तोड़ साझेदारी ने गुजरात की जीत की राह बनी। इस जोड़ी ने 2011 के फाइनल में माइकल हसी और मुरली विजय द्वारा बनाए गए 159 रन की साझेदारी के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया। इसके अलावा, यह टी20 क्रिकेट में दोनों के बीच 11वीं शतकीय साझेदारी थी।

## आईपीएल 2026: वैभव ऑरेंज कैप , रबाडा पर्पल कैप की दौड़ में सबसे आगे

**मोहाली।** आईपीएल के 19 वें सत्र का खिताबी मुकाबला रविवार को होने वाला है। इसमें गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का मुकाबला गुजरात टाइटंस (जीटी) से होगा। अब तक इस सत्र में सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप की रेस में राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी सबसे आगे हैं। वैभव की टीम रॉयल्स भले ही टर्नामेंट से बाहर हो गयी है पर दूसरे क्वालीफार में बनाये 96 रनों के साथ ही उनक अब तक इस सत्र में सबसे अधिक 776 रन हो गये हैं। वैभव के पीछे ऑरेंज कैप की दौड़ में गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। आरआर के खिलाफ 53 गेंदों में 104 रनों की लाजवाब शतकीय पारी खेलकर उन्होंने अपनी टीम को जीत दिलाई और अब 15 मुकाबलों में 722 रनों के साथ दूसरे पायदान पर हैं। गिल के सलामी जोड़ीदार साई सुदर्शन भी कम नहीं रहे, जिन्होंने 16 मुकाबलों में 710 रन बनाकर तीसरे स्थान पर अपना कब्जा जमाया है। सनराइजर्स हैदराबाद के विस्फोटक विकेटकीपर-बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन 15 मुकाबलों में 624 रनों के साथ चौथे और मुंबई इंडियंस के ईशान किशन 602 रनों के साथ पांचवें नंबर पर मौजूद हैं, जो इस सीजन की बल्लेबाजी की गहराई को दर्शाता है। दूसरी ओर सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की दौड़ में गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा नंबर एक पर पहुंच गये हैं।

रबाडा ने दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में दो महत्वपूर्ण विकेट लेकर आरसीबी के भुवनेश्वर कुमार को दूसरे नंबर पर धकेल दिया।

## आईआईएचएफ आइस हॉकी विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष और महिला टीमें अगले साल होने वाले आईआईएचएफ आइस हॉकी विश्व चैंपियनशिप की तैयारियों में लगी है। भारतीय टीमों को इसमें डिविजन 4 में रखा गया है। आइस हॉकी वर्ल्ड चैंपियनशिप अगले साल 14 से 30 मई के बीच जर्मनी के डसेलडोर्फ और मैनहेम में होगी। इसके लिए पुरुष, महिला टीमें राष्ट्रीय शिविरों, खिलाड़ियों के मूल्यांकन, कोचिंग कार्यक्रमों और प्रतिस्पर्धी अनुभव को सहारा लेंगी। भारत साल 1989 से ही अंतरराष्ट्रय आइस हॉकी फेडरेशन का पूर्ण सदस्य रहा है। भले ही भारतीय टीमों का प्रदर्शन अंतरराष्ट्रीय और क्षेत्रीय टूर्नामेंट्स में कुछ खास नहीं रहा हो पर वह लगातार बेहतर करती आई है।

देहरादून स्थित हिमाद्री आइस रिंक (भारत का एकमात्र ओलंपिक-आकार का इनडोर आइस रिंक है) इसमें आयोजित 2025 नेशनल आइस हॉकी चैंपियनशिप ने पुरुष, महिला और युवा श्रेणियों की टीमों को बेहतर अनुभव हासिल करने का अवसर दिया है।

यूएई में आयोजित आईआईएचएफ महिला एशिया कप 2025 में भारतीय टीम को कांस्य पदक मिला था। इससे भारतीय टीम का मनोबल बढ़ा था। अब विश्व वर्ल्ड चैंपियनशिप 2027 में महिला और पुरुष दोनो ही वर्ग में अंडर-20 टीमों को भी शामिल करना एक और अहम सफलता है। इससे युवा खिलाड़ियों को बेहतर अनुभव मिलेगा।

## रॉयल्स के बाहर होने से वैभव के लिए दुखी हुए अश्विन

**चेन्नई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के क्वालीफायर-2 में गुजरात टाइटंस से हार के साथ ही राजस्थान रॉयल्स की टीम बाहर हो गयी। रॉयल्स के बाहर होने से पूर्व क्रिकेटर आर अश्विन निराश हैं। उनका कहना है कि इस सत्र में वैभव सूर्यवंशी ने असाधारण प्रदर्शन कर टीम को खिताब मुकाबले का दावेदार बना दिया था। पर रियान पराग की गलती से उसके हाथों से ये अवसर निकल गया। अश्विन ने कहा कि वह वैभव के लिए दुखी हैं क्योंकि उसकी मेहनत बेकार हो गयी। वहीं अश्विन ने टीम के सीनियर खिलाड़ियों और कप्तान रियान पराग की जमकर आलोचना करते हुए कहा कि इन लोगों की गलती से टीम बाहर हुई है।

वैभव ने अपने बल पर रॉयल्स को यहां तक पहुंचाया। नॉकआउट चरण में उनकी बल्लेबाजी बेहद प्रभावशाली रही। एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने 97 रनों की धुआंधार पारी खेली, जबकि क्वालीफायर-2 में गुजरात टाइटन्स के सामने भी उन्होंने 96 रन बनाए। पूरे टूर्नामेंट में वैभव ने लगभग 800 रन बनाकर अपने को साबित किया पर अन्य बल्लेबाजों ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया।

अश्विन ने कहा, मैं मायूस हूं, क्योंकि उन्होंने आईपीएल 2026 में बहुत शानदार खेल दिखाया। लेकिन मेरे लिए सबसे खास बात वह पारी थी जो उन्होंने क्वालीफायर-2 में खेली। बेशक, किस्मत ने उनका थोड़ा साथ दिया, लेकिन पिच गेंदबाजों की मदद कर रही थी। उन्होंने मोहम्मद सिराज, कागिसो रबाडा और जेसन होल्डर जैसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना किया। उन्हें थोड़ी किस्मत का साथ मिला और एक कैच भी गिरा पर जिस प्रकार उन्होंने बल्लेबाजी की उसकी जितनी सराहना की जाये कम है।

अश्विन ने रॉयल्स के अन्य खिलाड़ियों के प्रदर्शन को निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा, मैं जानता हूं कि गुजरात के कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन ने अच्छी बल्लेबाजी की थी पर रॉयल्स के अन्य बल्लेबाजों ने वैभव का साथ नहीं दिया। क्वालीफायर-2 में हार के बाद वैभव काफी भावुक हो गए थे। अश्विन ने कहा कि एक 15 साल का लड़का हमेशा टीम को मैच जिताने के बारे में सोचता है।

## अपनी अलग पहचान बनाना चाहते हैं स्पिन ऑलराउंडर हर्ष दुबे

**नागपुर।** उभरते हुए स्पिन ऑलराउंडर हर्ष दुबे अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट और तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में जगह पाने से उत्साहित है और इसमें बेहतर प्रदर्शन के लिए तैयार हैं। हर्ष को पहली बार बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। हर्ष के अनुसार वह अपने अनुसार खेलना चाहते हैं। किसी का विकल्प बनने का उनका प्रयास नहीं है। माना जा रहा है कि इस स्पिनर को अनुभवी ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को आराम दिये जाने के कारण शामिल किया गया है। इस युवा ने कहा है कि वही कड़ी मेहनत के बल पर अपनी खुद की पहचान बनाना चाहते हैं। दुबे ने कहा, 'अभी मैं इस टेस्ट मैच को किसी भी अन्य मैच की तरह ही ले रहा हूं। मैं खुद पर बहुत अधिक दबाव नहीं डालना चाहता।

## संक्षिप्त समाचार

### यूथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का मैहर में स्वागत

**मैहर।** मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया का मैहर की पावन धरा में शनिवार को आगमन हुआ। वे माँ शारदा के दर्शन उपरांत मैहर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धर्मेश घई रोमी भैया के आवास गए जहांकि जिला अध्यक्ष द्वारा आत्मीय स्वागत स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष चूड़ामणि बढ़ोलिया एवं ब्लाक अध्यक्ष मुन्ना रमेश प्रजापति सहित अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### एएसआई को 5 हजार की रिश्वत मांगना पड़ा भारी

#### ऑडियो वायरल होने के बाद एएसआई निलंबित

**कटनी।** भ्रष्टाचार और थानों में जारी अवैध वसूली के खिलाफ कटनी पुलिस कप्तान ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। स्लीमानाबाद थाने में पदस्थ उप निरीक्षक संतोष बड़गैयां को एक वाहन मालिक से रिश्वत मांगना बेहद महंगा पड़ गया। रिश्वतखोरी की बातचीत का ऑडियो वायरल होने के बाद एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एएसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

#### बीमा क्लेम की पावती के लिए मांगी थी घूस

प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रिंस सोनी नामक व्यक्ति की गाड़ी का विगत दिनों तेवरी के पास एक्सीडेंट हो गया था। वाहन मालिक को अपनी गाड़ी के बीमा क्लेम के लिए थाने में आवेदन देकर उसकी पावती (पावती रसीद) लेनी थी। आरोप है कि इस सीधे और नियमसंगत काम के बदले स्लीमानाबाद थाने में पदस्थ एएसआई संतोष बड़गैयां ने वाहन मालिक से 5,000 की मांग की। पीड़ित के साथ हुई इस पूरी बातचीत का ऑडियो रिकॉर्ड हो गया और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। यह मामला और ऑडियो संभाग स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों तक भी जा पहुंचा, जिसके बाद मुख्यालय से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। मामले की गंभीरता और प्राथमिक साक्ष्यों को देखते हुए कटनी एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने तत्काल संज्ञान लिया और आरोपी एएसआई संतोष बड़गैयां को सस्पेंड कर लाइन हाजिर कर दिया।

### शहर कांग्रेस सेवादल का मासिक ध्वजावंदन कटरा मस्जिद के पास होगा संपन्न

**सागर।** हर माह के अंतिम रविवार को शहर कांग्रेस सेवादल के होने वाले मासिक ध्वजावंदन कार्यक्रम का आयोजन मई माह के इस अंतिम रविवार को जामा मस्जिद के नजदीक वरिष्ठ कांग्रेसी रिषभ जैन के करकमलों से संपन्न होगा । कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश जाटव और सेवादल प्रदेश महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम की आयोजक शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों,युवक कांग्रेस जन,महिला कांग्रेस जन, एनएसयूआई,यंग ब्रिगेड, सेवादल परिवारजन,नगर निगम पार्षदों से सुबह 10 बजे कार्यक्रम में उपस्थित रहकर कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

### नवीन बस स्टैंड से यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं, जिले के विकास को मिलेगी गति: डॉ. नरोत्तम मिश्रा

**दतिया।** मध्य प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने शनिवार को दतिया में नवनिर्मित बस स्टैंड भवन का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नवीन बस स्टैंड के संचालन से दतिया सहित आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और यह जिले के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि लंबे समय से आधुनिक बस स्टैंड की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। नए भवन के शुरू होने से यात्रियों को सुविधाजनक परिवहन व्यवस्था मिलेगी तथा शहर के यातायात प्रबंधन को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि यह परियोजना जिले की आधारभूत संरचना को सशक्त बनाने के साथ विकास की नई संभावनाओं को भी बढ़ावा देगी। बस स्टैंड के शुभारंभ के बाद डॉ. मिश्रा बसई पहुंचे, जहां आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए।

# अंधे कत्ल का पर्दाफाश: आगासौद पुलिस ने 24 घंटे के भीतर हत्या के दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**सागर।** पुलिस अधीक्षक सागर श्री अनुराग सुजानिया के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना डॉ. संजीव उईके तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बीना श्री अजय कुमार सनकत के मार्गदर्शन में थाना आगासौद पुलिस ने हत्या के एक गंभीर एवं चुनौतीपूर्ण प्रकरण का खुलासा करते हुए महज 24 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है।

#### घटना का विवरण

दिनांक 28.05.2026 को थाना आगासौद पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम देहरी स्थित एक बगीचे में एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची तथा जांच प्रारंभ की। पूछताछ में मृतक की पहचान कल्लू चढ़ार निवासी ग्राम देहरी के रूप में हुई।

मृतक के परिजनों ने बताया कि घायल अवस्था में उसे उपचार हेतु सिविल अस्पताल बीना ले जाया गया था, जहां चिकित्सकों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। प्रथम दृष्टया मामला सामान्य मृत्यु का प्रतीत हो रहा था, किन्तु पुलिस द्वारा शव का बारीकी से निरीक्षण करने पर शरीर पर चोटों के गंभीर निशान पाए गए, जिससे हत्या की आशंका प्रबल हुई।

थाना आगासौद में मर्ग कायम कर सूक्ष्मता से जांच की गई। घटनास्थल निरीक्षण, साक्ष्य संकलन, गवाहों से पूछताछ तथा अन्य तथ्यों के आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि ग्राम देहरी निवासी कल्लू उर्फ विश्वनाथ ठाकुर एवं

मनीष ठाकुर द्वारा मृतक कल्लू चढ़ार के साथ मारपीट की गई तथा बाद में उसका गला दबाकर उसकी हत्या कर दी गई।

जांच में पर्याप्त साक्ष्य प्राप्त होने पर आरोपियों के विरुद्ध हत्या का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में विशेष पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने लगातार प्रयास करते हुए मुखबिर तंत्र एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों की घेराबंदी कर दिनांक 30.05.2026 को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों द्वारा घटना के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई है। प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

#### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

घटना की सूचना प्राप्त होने के बाद थाना आगासौद पुलिस ने तत्परता एवं पेशेवर दक्षता का परिचय देते हुए अल्प समय में साक्ष्य जुटाकर आरोपियों की पहचान की तथा हत्या जैसे गंभीर अपराध का सफलतापूर्वक खुलासा कर आरोपियों को कानून के शिकंजे में पहुंचाया।

#### सराहनीय भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक श्री नितिन पाल, प्रधान आरक्षक संतोष रैकवार, प्रधान आरक्षक सतीश रावत, आरक्षक लोकेन्द्र यादव, आरक्षक रनवीर सिंह, आरक्षक सतीश शर्मा, आरक्षक रामकृष्ण योगी, आरक्षक दीपक इनवाती एवं प्रधान आरक्षक चालक संतोष तिवारी की विशेष एवं सराहनीय भूमिका रही।

सागर पुलिस अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई के लिए सतत प्रतिबद्ध है तथा आमजन की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर कार्यरत है।

## एससी एवं एसटी प्रकोष्ठ के नव नियुक्त पदाधिकारियों की बैठक

**मैहर।** कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को एससी एवं एसटी प्रकोष्ठ के नव नियुक्त पदाधिकारियों की पहली बैठक कांग्रेस जिला अध्यक्ष धर्मेश घई की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत व परिचय कराया गया। एससी एवं एसटी समाज के संवैधानिक अधिकारों और योजनाओं को जमीन तक पहुंचाने पर रणनीति बनाई गई। बूथ स्तर पर प्रकोष्ठ के गठन व सक्रियता पर जोर दिया गया। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि हम सभी मिलकर आने वाले चुनाव में सरकार की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ेंगे और बाबा साहेब के संविधान को बचाने के लिए घर घर जाएंगे। कांग्रेस हमेशा वंचितों की आवाज रही है। मौजूदा समय में एससी एसटी वर्ग पर अत्याचार बढ़े हैं और भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रकोष्ठ का हर कार्यकर्ता अब जनता के बीच जाकर इनकी पोल खोलेगा। बैठक में एससी एवं एसटी प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सोमदत्त साकेत, ब्लॉक अध्यक्ष एवं मंडलम अध्यक्ष सहित सभी नव नियुक्त पदाधिकारी व वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### दतिया में जुआ फड़ पर बड़ी कार्रवाई- 2 आरक्षक समेत 17 जुआरी गिरफ्तार, 2.80 लाख रुपये बरामद

**श्योपुर।** मध्य प्रदेश के दतिया पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देश पर जिले में अवैध जुआ गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को भांडेर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

भांडेर एसडीओपी पूनम चन्द यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने खैरी माता मंदिर के सामने स्थित एक कोठी पर संचालित जुआ फड़ पर दबिश देकर 17 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई के दौरान दो पुलिस आरक्षक भी जुआ खेलते हुए पकड़े गए, जिन पर तत्काल विभागीय कार्रवाई करते हुए उन्हें निलंबित कर दिया गया।

पुलिस द्वारा की गई छापेमारी में मौके से 2 लाख 80 हजार रुपये नकद, 6 ताश की गड्डियां और 13 मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

## हादसे को न्योता दे रही खुली खदानें

### गहरे पानी में डूबा बालक, दो दिन बाद उतराता मिला शव

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बिस्तरा में स्थित खुली खदान में सुजीत कोल के मासूम बालक के डूबकर हुई मौत के बाद पूरे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने अधिकारियों से संपर्क किया एवं एसडीआरएफ टीम को तुरंत मौके पर रवाना करवाया। कई घंटों तक चले कठिन रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान अशोक विश्वकर्मा लगातार घटना स्थल पर डटे रहे और पूरे बचाव कार्य की निगरानी करते रहे। उनकी तत्परता, प्रशासनिक समन्वय एवं मानवीय संवेदनशीलता के चलते राहत एवं बचाव कार्य में तेजी आई और अंततः बालक के शव को खदान से बाहर निकाला जा सका। दु:ख की इस घड़ी में जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया एवं हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

#### जिला पंचायत उपाध्यक्ष ने दिए सुरक्षा व्यवस्था के निर्देश

घटना के बाद अशोक विश्वकर्मा ने क्षेत्र की खुली खदानों को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए प्रशासन से सभी खदानों के चारों ओर सुरक्षा हेतु फेंसिंग एवं बोरों बैरिकेडिंग की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही अब स्वीकार नहीं की जाएगी और भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने संबंधित विभाग को निर्देशित करते हुए क्षेत्र की सभी खुली खदानों का सर्वे कर जल्द से जल्द सुरक्षा कार्य पूर्ण कराने की बात कही, ताकि भविष्य में कोई और परिवार इस प्रकार की दु:खद घटना का शिकार न हो। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

## करंट की चपेट में आने से 10 वर्षीय मासूम की मौत

### विधायक संजय पाठक ने जताया खेद

**कटनी।** विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 10 में शुक्रवार को एक दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है। यहाँ खेलते समय पड़ोसी द्वारा लगाई गई लोहे की तार बाड़ी में उतरे करंट की चपेट में आने से एक 10 वर्षीय मासूम बालक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विजयराघवगढ़ के वार्ड क्र. 15 अंतर्गत रामबाग अखाड़ा मोहल्ला निवासी सुनील कोल का 10 वर्षीय पुत्र प्रतीक शुक्रवार को घर के पास खेल रहा था। सुनील कोल के घर के ठीक सामने पड़ोसी द्वारा सुरक्षा के लिए लोहे के तारों की बाड़ी (जाली) लगाई गई है। बताया जा रहा है कि पड़ोसी द्वारा घर से खींचा गया बिजली का एक तार इस लोहे की बाड़ी के संपर्क में था। तार कहीं से कटा होने के कारण पूरी तार बाड़ी में तेज करंट प्रवाहित हो रहा था। मासूम प्रतीक खेलते-खेलते जैसे ही इस बाड़ी के संपर्क में आया, वह करंट की चपेट में आ गया और उसकी घटना स्थल पर ही तड़प-तड़प कर मौत हो गई। हादसे की खबर फैलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई और क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही विजयराघवगढ़ थाना पुलिस और विद्युत विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बिजली सप्लाई बंद करवाकर शव को अपने कब्जे में लिया। पुलिस द्वारा मौके पर पंचनामा आदि की आवश्यक वैधानिक कार्यवाही पूरी करने के उपरांत मासूम प्रतीक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल विजयराघवगढ़ भेजा गया। जहाँ डॉक्टरों की टीम द्वारा शव परीक्षण (पीएम) किए जाने के बाद लाश अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के सुपुर्द कर दी गई है। विजयराघवगढ़ पुलिस ने इस मामले में फिलहाल मर्ग प्रकरण दर्ज कर घटना की विस्तृत विवेचना प्रारंभ कर दी है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि तार बाड़ी में करंट किसकी लापरवाही से फैला, ताकि आगे की दंडात्मक कार्यवाही की जा सके।

#### विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने व्यक्त किया गहरा शोक

इस बेहद दुखद और हृदयविदारक घटना की खबर मिलते ही क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## प्रताड़ना से तंग आकर बुजुर्ग किसान ने खाया जहर, सुसाइड नोट में खोले राज

**कटनी।** जिला मुख्यालय से सटे बड़वारा थाना क्षेत्र के उमंगनगर में प्रशासनिक सुस्ती और दबंगों की प्रताड़ना से तंग आकर एक 58 वर्षीय बुजुर्ग किसान द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। उमंगनगर निवासी चंद्रभान महोबिया (पिता भेला प्रसाद महोबिया) ने कीड़ा मारने वाली जहरीली दवा का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल से निजी अस्पताल रेफर किया गया है, जहां वे फिलहाल जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं।

#### भावुक सुसाइड नोट में बयां किया दर्द

जहर खाने से पहले किसान चंद्रभान ने एक बेहद भावुक सुसाइड नोट लिखा। नोट में उन्होंने साफ तौर पर लिखा, हम आगे नहीं जीना चाहते। अत: हम अपनी स्वेच्छा से आत्महत्या कर रहे हैं। पुलिस प्रशासन से निवेदन है कि हमारे परिवार के किसी भी सदस्य को अनावश्यक परेशान न किया जाए। इसी नोट में उन्होंने अपनी इस स्थिति के लिए अपने पैतृक गांव भानपुरा के दबंगों— भूरा, जगमोहन, कल्लू, जग्गू और अर्जुन को सीधे तौर पर जिम्मेदार ठहराया है। किसान के मुताबिक, ये लोग उन्हें लंबे समय से मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे।

#### पैतृक जमीन पर जबरन कब्जे का आरोप, सिस्टम पर सवाल

पीड़ित किसान के पुत्र चंद्रकांत महोबिया ने बताया कि जिन लोगों के नाम सुसाइड नोट में हैं, वे सभी दबंग प्रवृत्ति के हैं और उनकी पैतृक जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। सबसे गंभीर बात यह है कि पीड़ित ने अपनी जमीन बचाने के लिए बड़वारा तहसील, बड़वारा थाना और यहां तक कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी लिखित शिकायतें दी थीं, लेकिन समय रहते सिस्टम ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, जिससे परेशान होकर बुजुर्ग को यह कदम उठाना पड़ा।

#### जांच के बाद होगी सख्त कार्रवाई: एएसपी

मामले की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार डेहरिया ने मीडिया को बताया कि इस मामले की शिकायत पहले भी प्राप्त हुई थी, जिसकी जांच के लिए संबंधित थाने को निर्देशित किया जा चुका था। एएसपी ने आश्वासन दिया है कि यदि सुसाइड नोट और शिकायत में लगाए गए आरोप सही पाए जाते हैं, तो दोषियों के खिलाफ सख्त वैधानिक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## पूर्व मंत्री मुकेश नायक की दिवंगत माताजी बाईजी को दमोह पहुंचकर दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**सागर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस परिवार के वरिष्ठ नेता, पूर्व मंत्री और प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष श्री मुकेश नायक जी की पूजनीय माताजी, त्याग व समर्पण की प्रतिमूर्ति श्रीमती कांति देवी नायक %बाईजी% के दुखद निधन पर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक, वरिष्ठ पत्रकार सुदेश तिवारी, पार्षद ताहिर खान तथा सुमित तिवारी ने दमोह स्थित नायक परिवार के निज निवास पर पहुंचकर दिवंगत मातुश्री के चित्र पर पुष्पांजलि व श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपस्थित सभी जनों ने दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से पुण्यात्मा की चिर शांति तथा शोक संतप्त नायक परिवार को इस असहनीय व असीम दुख को

सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रवीण धौलपुरे भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संदीप सबलोक एवं वरिष्ठ पत्रकार सुदेश तिवारी ने कहा कि आदरणीया %बाईजी% का संपूर्ण जीवन प्रेम, करुणा, सादगी और उच्च आदर्शों का जीवंत पर्याय था। उनके महाप्रयाण से न केवल नायक परिवार ने अपनी मुख्य मार्गदर्शक खोई है, बल्कि समाज ने भी एक ममतामयी और वात्सल्यपूर्ण छाया खो दी है। उनका स्थान हमेशा अपूरणीय रहेगा।

शोक की इस घड़ी में उपस्थित सभी जनों ने पूर्व मंत्री श्री मुकेश नायक जी एवं शोक मग्न परिजनों से भेंट कर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं और उन्हें ढांढस बंधाया।

## मैहर में प्रदर्शनकारियों ने रेल रोकने का किया प्रयास, पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

मैहर। NEET परीक्षा लीक मामले को लेकर कल दोपहर को मैहर में युवक कांग्रेस ने जोरदार प्रदर्शन किया। युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया और जिला अध्यक्ष सौरभ शर्मा के नेतृत्व में हजारों की संख्या में युवा कार्यकर्ता सड़कों पर उतरे और रेलवे स्टेशन की ओर कूच कर ट्रेन रोको आंदोलन करने का प्रयास किया। प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। रेलवे स्टेशन परिसर में भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा पहले से ही बैरिकेडिंग लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोकने की व्यवस्था की गई थी।

प्रदर्शन के दौरान युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार ओर राज्य

सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और हृश्वश्वञ्ज परीक्षा में हुई कथित अनियमितताओं तथा पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच की मांग उठाते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। करीब एक घंटे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने युवक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया सहित कई कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। गिरफ्तारी के दौरान कुछ समय के लिए मौके पर तनाव की स्थिति भी बनी रही, हालांकि पुलिस और प्रशासन की मुस्तैदी से हालात नियंत्रण में रहे।

युवक कांग्रेस अध्यक्ष यश लखन घनघोरिया ने कहा कि हृश्वश्वञ्ज परीक्षा लीक मामले ने लाखों छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए।

# विश्व पर्यावरण दिवस तहत दस दिवसीय आयोजन

**दमोह ( ब्यूरो )।** यूनिट हेड के नेतृत्व एवं क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सागर के मार्गदर्शन एवं सहयोग से विश्व पर्यावरण दिवस 2026 का दस दिवसीय आयोजन किया जा रहा है प् आज दमोह जिले की पथरिया तहसील अंतर्गत सूखा एवं जगथर गांवों में बड़े उत्साह एवं जनभागीदारी के साथ किया गया। यह कार्यक्रम एचआर एवं एडमिन हेड श्री विकास कुमार एवं उनकी टीम की एक सराहनीय पहल रही। 28 मई 2026 को आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में लगभग 200 ग्रामीणों, किसानों, युवाओं एवं बच्चों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्लाइमेट एक्शन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण विभाग प्रमुख श्री अशोक तिवारी ने उपस्थित ग्रामीणों को लाइफस्टाइल फॉर एनवायरनमेंट (स्पथ्म) की महत्ता के बारे में जानकारी दी तथा वृक्षारोपण, कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण एवं हरित जीवनशैली अपनाकर स्थानीय तापमान में कमी लाने जैसे पर्यावरण अनुकूल उपायों को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण हेतु व्यक्तिगत जिम्मेदारी एवं सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर भी विशेष जोर दिया। श्री तिवारी ने यह भी बताया कि हाइडेलबर्गसीमेंट इंडिया लिमिटेड अपनी ऊर्जा

आवश्यकता का लगभग 40 प्रतिशत भाग नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त कर हरित पहल को लगातार बढ़ावा दे रही है। उन्होंने जानकारी दी कि कंपनी द्वारा विभिन्न पर्यावरणीय अभियानों के अंतर्गत लाखों पौधों का रोपण किया जा चुका है, जिससे वैश्विक जलवायु लक्ष्यों के अनुरूप लगभग 1.2 डिग्री तापमान कमी में योगदान मिला है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा किए गए छोटे-छोटे सतत प्रयास पर्यावरण संरक्षण में दीर्घकालिक सकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। ग्रामीणों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा मानसून पूर्व अपने घरों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पौधारोपण करने का संकल्प लिया। ग्रामीणों ने हाइडेलबर्गसीमेंट इंडिया लिमिटेड द्वारा गांव-गांव जाकर चलाए जा रहे पर्यावरण जागरूकता अभियान एवं सामुदायिक सहभागिता की सराहना की। यह आयोजन मायसेम सीमेंट, दमोह द्वारा संचालित 10 दिवसीय पर्यावरण जागरूकता अभियान का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य आसपास के गांवों में पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली के प्रति जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम में क्लाइमेट एक्शन की वैश्विक थीम को केंद्र में रखते हुए यह संदेश दिया गया कि पर्यावरण संरक्षण हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और हरित एवं सुरक्षित भविष्य के लिए व्यावहारिक संकल्प आवश्यक हैं।

## » न्यूज कैप्सूल »

### खून की कमी और सांस लेने में तकलीफ के चलते गर्भवती की मौत

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नगर के नजदीकी ग्राम बांसखेड़ा निवासी वीरेंद्र पटेल अपनी गर्भवती पत्नी को लेकर शासकीय अस्पताल पहुंचे जहां गर्भवती की इलाज के दौरान मौत हो गई। डॉक्टरों ने गर्भवती महिला सिया बाई को बचाने के काफी प्रयास किये लेकिन उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। डॉक्टरों ने उन्हें सीपीआरए ऑक्सीजन भी दी लेकिन उनकी और गर्भ में पल रहे बच्चे की जान नहीं बचाई जा सकी। नायब तहसीलदार नीरज सिंह बैस व मंगलवारा पुलिस थाने के एएसआई पर्वत सिंह ने दोनों पक्षों के बयान लेकर पंचनामा कार्यवाही कर शब परिजनों को सुपुर्द कर दिया। वहीं परिजनों ने बताया कि सिया को खून की कमी एवं सांस लेने में परेशानी हो रही थी। जिसको लेकर हम लोग अस्पताल आए जहां उसकी मृत्यु हो गई यह मृत्यु बीमारी के चलते हुई है हम दोनों परिवारों को किसी के ऊपर कोई संदेह नहीं है।

### नर्मदा तट पर वृहद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित हुआ

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नगर के समीपस्थ ग्राम सांडिया स्थित नर्मदा तट पर वृहद श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जन अभियान परिषद मध्य प्रदेश के तत्वाधान में नवांकुर वूमेन चाइल्ड ओल्डरस वेलफेयर सोसाइटी और समस्त नवांकुर संस्था के सहयोग से वृहद श्रमदान आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकास खंड समन्वयक दयाशंकर उमरे के मार्गदर्शन मे नवांकुर संस्था से अध्यक्ष शीतल मौर्य,दुर्गेश गोस्वामी, खूबचंद रघुवंशी, देवेंद्र पटेल, महेंद्र पटेल सहित प्रस्फुटन समिती के सदस्य उपस्थित रहे।

### जनसंपर्क कार्यालय के सिनेमा ऑपरेटर रविंद्र शर्मा हुए सेवानिवृत

**पिपरिया/नर्मदापुरम ( ब्यूरो )।** संभागीय जनसंपर्क कार्यालय नर्मदापुरम के सिनेमा ऑपरेटर रविंद्र शर्मा 44 वर्ष की अपनी शासकीय की सेवा पूर्ण कर 29 मई को सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत्ति अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों ने श्री शर्मा को भावभीनी विदाई दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संयुक्त संचालक जनसंपर्क रश्मि देशमुख ने बताया कि श्री शर्मा ने अपने सौपे गए सभी शासकीय कर्तव्य का पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से पालन किया। शासकीय सेवा में रहते हुए उन्होंने अनेक शासकीय बैठक और दौरो का सफ लतापूर्वक कवरेज किया। श्री शर्मा की पदस्थापन छतरपुर एवं सिहोर जनसंपर्क कार्यालय में भी रही। यहां भी उन्होंने शासकीय सेवाएं पूरी निष्ठा से निभाई। 19 जुलाई 1982 को शासकीय सेवा में आए श्री शर्मा ने फोटोग्राफी के नए आयाम स्थापित किये उनके द्वारा खींचे गए फोटो की समय.समय पर सभी वरिष्ठ अधिकारियों एवं मंत्री गणों ने सराहना की। सेवानिवृत्ति के अवसर पर जनसंपर्क कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने श्रीशर्मा को पुष्प माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेटकर उनके साथ बिताए गए पलो का स्मरण किया। सेवानिवृत्ति की विदाई अवसर पर जनसंपर्क कर्मी सुश्री समीक्षा,सुनील संतोरे,संदेश दुबे, नितिन सरयाम एवं रविंद्र शर्मा के परिजन उपस्थित थे।

# एलएलबी पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया पुनः प्रारंभ करने को लेकर एसओपी ने ज्ञापन सौंपा

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** शासकीय शहीद भगत सिंह कॉलेज में एलएलबी प्रवेश प्रक्रिया पुनः शुरू कराने हेतु स्टूडेंट ऑर्गनाइजेशन पिपरिया ने प्रभारी प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम् से एसओपी ने बताया कि शासकीय शहीद भगत सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय क्षेत्र का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक उच्च शिक्षा केंद्र है। आपको स्मरण कराना अत्यंत आवश्यक है कि पिपरिया का यह लॉ कॉलेज दशकों पुराना है जिसका एक गौरवशाली इतिहास रहा है। वर्तमान में पूरे नर्मदापुरम जिले में एलएलबी की पढ़ाई के लिए मात्र दो ही शासकीय केंद्र उपलब्ध हैं. पहला जिला मुख्यालय नर्मदापुरम में और दूसरा पिपरिया कॉलेज। इस ऐतिहासिक महत्व के कारण केवल पिपरिया शहर ही नहीं बल्कि आस.पास के कई जिलों और अत्यंत दूर.दराज के ग्रामीण अंचलों से भी छात्र यहाँ कानून की शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। अत्यंत खेद का विषय है कि सत्र 2025 और वर्तमान सत्र 2026 में उच्च शिक्षा विभाग के ऑनलाइन ई.प्रवेश पोर्टल पर प्रथम वर्ष एलएलबी में प्रवेश के लिए पिपरिया कॉलेज का

विकल्प दिखाई नहीं दे रहा है। इस तकनीकी रुकावट के कारण दूर.दूर से आने वाले सैकड़ों छात्र चाहकर भी अपना ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन नहीं करा पा रहे हैं। यदि यह ऐतिहासिक लॉ कॉलेज बंद रहता है तो गरीब और ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्रों को मजबूरी में पढ़ाई छोड़नी पड़ेगी या बहुत दूर जाना पड़ेगा। अतः छात्र हित में कॉलेज प्रशासन इस दशकों पुराने लॉ कॉलेज की महत्ता को समझते हुए उच्च शिक्षा विभाग और संबद्ध विश्वविद्यालय से तुरंत उच्च स्तरीय पत्राचार करे। ऑनलाइन ई.प्रवेश पोर्टल पर शासकीय शहीद भगत सिंह कॉलेज पिपरिया में एलएलबी प्रथम वर्ष के प्रवेश का विकल्प अविलंब चालू करवाया जाए। पिपरिया के इस ऐतिहासिक गौरव को बचाए रखना और छात्रों को उनके घर के पास न्याय व कानून की शिक्षा दिलाना हम सभी का दायित्व है। आशा है कि आप छात्रों की इस बेहद संवेदनशील और जायज मांग पर त्वरित कार्रवाई करेंगे। ज्ञापन देते समय वैभव शर्मा,प्रणय दुबे,अनुज सिलावट,हर्ष कहार,चंद्रेश सराठे, सौरभ सोनी आदि मौजूद रहे।

# म.प्र. पुलिस में चयनित चार विद्यार्थियों का सम्मान किया

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नगर के पचमढ़ी रोड स्थित संकल्प क्लासेज में शनिवार को सफलता सम्मान एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मध्य प्रदेश पुलिस में चयनित संकल्प फाउंडेशन के चार विद्यार्थियों का स्मृति चिन्ह एवं पुष्पमालाओं से सम्मान कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाओं के साथ विदाई दी गई। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में बनखेड़ी तहसील के ग्राम तिंदवाडा निवासी लोकेश कुशवाहा, पिपरिया तहसील के ग्राम खेड़ी कला निवासी सुनील प्रजापति,ग्राम लांजी निवासी सौरव पटेल तथा पिपरिया निवासी विशाखा अहिरवार शामिल रहे। सभी चयनित अभ्यर्थी शीघ्र ही मध्य प्रदेश पुलिस के प्रशिक्षण के लिए रवाना होने वाले हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंडी अध्यक्ष अरुणा

जोशी उपस्थित रहीं। विशेष अतिथियों में नीलम पचौरी,समाजसेवी सुखदेव सिंह कालोटी,कैलाश बाथरे सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संकल्प फाउंडेशन की ओर से अध्यक्ष केसर सिंह चौधरी,बलराम पाटर,लोटन सिंह रघुवंशी, जितेंद्र पुरबिया, तुलसीराम अहिरवार, श्यामलाल कहार, मनोज गौर तथा अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य कार्यक्रम में मौजूद रहे। अपने संबोधन में अतिथियों ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने संकल्प फाउंडेशन द्वारा निःशुल्क शिक्षा देकर प्रतियोगी परीक्षाओं एवं युवा मार्गदर्शन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि संस्था लगातार युवाओं को उनके लक्ष्य तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# पुरुषोत्तम मास (अधिक मास) में कथा का श्रवण करोड़ों गुना पुण्यफल प्रदान करता है: किशोरी वैष्णवी गर्ग

**दमोह ( ब्यूरो )।** श्री जगदीश स्वामी मंदिर पुराना थाना पुरेना तालाब दमोह में चल रही 26 मई से 1 जून तक श्रीमद् भागवत पुराण कथा में आज कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी द्वारा पुरुषोत्तम मास मलमास में किए गए दान पुण्य व्रत, स्नान और पूजा-पाठ करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है और सभी कष्टों का निवारण होता है। अधिकमास के पांचवे और छठे दिन की कथा, और इस दिन क्या दान करे। अधिकमास भगवान विष्णु का महीना है। इस महीने में भगवान विष्णु के लिए व्रत और दान, जप आदि किया जाता है। इसके हर दिन की एक कथा है, इसलिए अधिकमास में आपको हर दिन की कथा पढ़ने के बाद कुछ दान भी करना उत्तम रहता है। किशोरी जी ने बताया कि जो गुरु आज्ञा का पालन करता है वह दूर रहकर भी गुरुदेव के समीप है।'

# जिला अधिवक्ता संघ दमोह के निर्वाचन की प्रक्रिया हुयी शुरू होना है वर्ष 2026-28 का निर्वाचन

**दमोह ( ब्यूरो )।** जिला अधिवक्ता संघ दमोह में वर्तमान की कार्यकारिणी द्वारा दिनांक 29.05.2026 को कार्यकारिणी की बैठक आहूत की गयी। जिसमें पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा वर्ष 2026-28 के निर्वाचन हेतु निर्वाचन अधिकारी के रूप में श्री चरनजीत सिंह वाधवा अधिवक्ता की नियुक्ति की गयी। जिला अधिवक्ता संघ दमोह में वर्तमान कार्यकारिणी में अध्यक्ष पद पर कमलेश भारद्वाज, उपाध्यक्ष सुरेश खत्री, सचिव सुधीर पांडे, सह-सचिव सुश्री दीपा मिश्रा, कोषाध्यक्ष अतुल देव श्रीवास्तव, सह कोषाध्यक्ष श्रीमति संध्या खरे एवं पुस्तकालय प्रभारी मनोज नागदेव एवं कार्यकारिणी सदस्य श्री अरविंद शर्मा, नरेन्द्र सिंघानिया, गणेश प्रसाद सेन, गजाधर पटैल, कमल सिंह ठाकुर, हरिशंकर दीक्षित, परवीन बेगम, द्रोपती सिंह ठाकुर तथा गिरजा त्रिपाठी अधिवक्ता पदस्थ है। जिला अधिवक्ता संघ दमोह में वर्ष 2026-2028 के निर्वाचन हेतु निर्वाचन होना है जिसमें 30 प्रतिशत पद महिला सदस्यो के लिए आरक्षित है। चुनाव की शुरुआत होने पर अधिवक्ता संघ दमोह में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। विभिन्न पदों पर निर्वाचन हेतु अनेक अधिवक्ता निर्वाचित होने के लिये तैयारी कर रहे है साथ ही जिला अधिवक्ता संघ के द्वारा अधिकृत वाट्सएप ग्रप जो कार्यालय जिला अधिवक्ता संघ दमोह के नाम से बनाया गया है जिसमें सभी अधिवक्ताओं को सम्मिलित करने हेतु सचिव सुधीर पांडे एवं साहब खान कार्यालय प्रभारी जिला अधिवक्ता संघ दमोह को ग्रुप एडमिन बनाया गया है। यदि किसी भी अधिवक्ता को चुनाव संबंधी या अन्य कार्यालीन जानकारी की आवश्यकता होती है तो वह ग्रप के माध्यम से या व्यक्तिगत रूप से मिलकर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### युवती ने की थाने में आत्मदाह की कोशिश, पुलिस ने समय रहते बचाया

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला मुख्यालय स्थित सिटी कोतवाली थाना परिसर में शनिवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवती ने कथित रूप से न्याय न मिलने से क्षुब्ध होकर खुद पर पेट्रोल डालकर आत्मदाह करने का प्रयास किया। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से बड़ा हादसा टल गया। पुलिस ने युवती को तुरंत काबू में लेकर सुरक्षित किया और जिला अस्पताल भेजा, जहां उसका चिकित्सकीय परीक्षण कराया गया।

# राजस्व ,लोक निर्माण विभाग के अमले ग्रामीणों को साथ लेकर पुनः किया सीमांकन

### ग्राम वासियों का आमरण अनशन समाप्त

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** नगर के नजदीकी ग्राम मुहारी खुर्द के ग्रामीण दो दिनों से अपने अतिक्रमण हटाने की समय सीमा को बढ़ाकर 4 माह करने को लेकर आमरण अनशन पर बैठें थें। आमरण अनशन को लेकर जनजन जागरण ने शनिवार के अंक में प्रमुखता से खबर को प्रकाशित कर प्रशानिक अधिकारियो के संज्ञान में लाया गया था। शनिवार को नायाब तहसीलदार नीरज सिंह बैंस,पीडब्लूडी विभाग के इंजीनियर कैलाश गुद्रे,आरआई,पटवारी व पुलिस बल के साथ ग्राम मुहांरी खुर्द पहुंचे और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणो की मांग को सुनकर पुनः सीमांकन कराया गया। 18 ग्रामीणों को दिया था अतिक्रमण हटाने का नोटिस जिसमें सभी ने सीमांकन को लेकर अपनी सहमति दर्ज कराकर अपना अनशन समाप्त किया। वही जो मकान अतिक्रमण में आ रहे है उन्हे स्वंय हटाने को लेकर सहमति ग्रामीणो ने अधिकारियो को दी।

### राजस्व विभाग ने दल गठित कर ग्रामीणों के साथ किया सीमांकन

तहसीलदार नीरज बैंस व इंजीनियर कैलास गुद्रे ने बताया कि रोड निर्माण को लेकर 18 ग्रामीणों को अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी किया था। ग्रामीणो की मांग थी कि उनका समयसीमा को बढाया जाए जिसको लेकर वरिष्ट अधिकारियो को अवगत कराकर आरआई संतोष ठाकुर,पटवारी उमेश बरेले,राहुल वारिवा व विनय का दल गठित कर पुनः सीमांकन कराया गया। जिसमें ग्रामीणो ने अपना अतिक्रमण स्वयं हटाने को लेकर सहमति दी। ग्रामीणों ने प्रशासन की बात का समर्थन कर अनशन समाप्त किया।

### रायसेन के जंगल में मिला शव, आधार कार्ड से हुई पहचान, ट्रेन टिकट और दस्तावेज बरामद

**रायसेन।** मध्य प्रदेश के रायसेन जिले की सैंडोरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत अगरिया नयापुरा जंगल में शनिवार को एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। शव पेड़ के नीचे पड़ा हुआ था और करीब 4 से 5 दिन पुराना होने के कारण उसमें कीड़े पड़ चुके थे तथा आसपास तेज दुर्गंध फैल रही थी। घटना की जानकारी जंगल में निगरानी कर रहे चौकीदार ने पुलिस को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी शैलेंद्र दायमा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। तलाशी के दौरान शव के पास एक झोला मिला, जिसमें अस्पताल से संबंधित दस्तावेज, आधार कार्ड और ट्रेन की टिकट बरामद हुई। दस्तावेजों के आधार पर मृतक की पहचान छत्तीसगढ़ निवासी जय सिंह के रूप में की गई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक किसी चलने-फिरने संबंधी बीमारी का इलाज करा रहा था। चौकी प्रभारी के अनुसार संबंधित अस्पताल से संपर्क करने पर जानकारी मिली कि जय सिंह कुछ समय पहले उपचार के दौरान अस्पताल से चला गया था।

# रोड किनारे झाडियो में घायल पडे दो व्यक्तियो को पुलिस ने सीपीआर देकर बचाई जान

**पिपरिया ( ब्यूरो )।** मध्यप्रदेश पुलिस केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है। बल्कि संकट की घड़ी में नागरिकों के जीवन की रक्षा करने में अपनी भूमिका निभाती है। मंगलवारा पुलिस थाने के एसआई मानिक सिंह बटट्ी व वाहन चालक पंकज ने तत्परता,सूझबूझ और मानवीय संवेदना का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है। जो पुलिस सेवा की सच्ची भावना को प्रतिबिंबित करता है। मंगलवारा पुलिस थाने के एसआई मानिक सिंह बटट्ी विवेचना कार्य से ग्राम खापरखेड़ा जा रहे थे तभी बीच रास्ते झील पिपरिया के पास उन्हे दो व्यक्ति झाड़ियों में घायल अवस्था में बुरी तरह जख्मी हालत में मिले जो बेहोश थे। जिन्हे तत्काल एसआई बट्टी के द्वारा सीपी आर जैसी जीवनरक्षक तकनीक का उपयोग कर उनकी जान बचाई। और उनको अस्पताल मे भर्ती कराया। एसआई मानिक सिंह बटट्ी ने अपने प्रशिक्षण में अर्जित सीपीआर तकनीक का उपयोग करते हुए तुरंत जीवनरक्षक प्रयास शुरू कर कुछ ही मिनटों की सतर्कता और निरंतर प्रयासों से दोनो की धड़कनें सामान्य हुईं। इसके बाद उसे तत्काल प्राथमिक उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। दोनो को अस्पताल में उपचार के दौरान होश आने पर नाम पता पूछा तो दौनो ने नाम कल्लू ठाकुर पिता रमेश ठाकुर 38 वर्ष,साबिर अली पिता कुदरत अली 60 वर्ष दोनों निवासी ग्राम खापरखेड़ा ग्राम का बताया। उन्होने बताया कि वाहन चलाते समय गाडी स्लिप होने से एक्सीडेंट हो गया था। दोनो ने एसआई एवं चालक के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया।

## ब्रीफ न्यूज

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हिन्दी पत्रकारिता दिवस की शुभकामनाएं दीं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सभी पत्रकार बंधुओं को 'हिन्दी पत्रकारिता दिवस' की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जब पंडित युगल किशोर शुक्ल ने 'उदन्त मार्त्तण्ड' के माध्यम से हिन्दी पत्रकारिता की नींव रखी, तब उनका उद्देश्य केवल समाचार पहुंचाना नहीं, बल्कि 'देशहित' का पवित्र संकल्प था। इस दौर में भी वही संकल्प पत्रकारिता का मानक होना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि 200 वर्षों की इस गौरवशाली यात्रा में हिन्दी पत्रकारिता ने जन भावनाओं को स्वर देने और लोकतंत्र को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गोवा स्थापना दिवस पर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण राज्य 卐गोवा卐 के स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गोवा के मुख्यमंत्री श्री प्रमोद सांवत के नेतृत्व में गोवा निरंतर प्रगति पथ पर अग्रसर हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल से प्रार्थना है कि गोवा की जनता के जीवन में सुखी और समृद्ध रहे साथ ही गोवा पर्यटन के साथ ही हर क्षेत्र में निरंतर प्रगति पथ पर बढ़ता रहे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अनूपपुर जिले में हुई सड़क दुर्घटना पर किया शोक व्यक्त

#### मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के दिए निर्देश

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अनूपपुर जिले में पुष्पराजगढ़ के ग्राम बिजौरा में श्रद्धालुओं को लेकर मंदिर जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से हुई सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दुर्घटना में 6 लोगों के असामयिक निधन और कुछ लोगों के घायल होने का समाचार अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शोकाकुल परिजन के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने राज्य शासन की ओर से मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने के निर्देश दिए हैं। दुर्घटना में घायलों का उपचार जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिवंगतों की आत्मा को शांति और घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने की बाबा महाकाल से प्रार्थना की है।

### सुप्रीम कोर्ट से अंतर्राष्ट्रीय कछुआ तस्कर मुरूगेसन को झटका, जमानत याचिका खारिज

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशन में प्रदेश में वन एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय कछुआ तस्कर मुनीव्रम मुरूगेसन की जमानत याचिका को माननीय सर्वोच्च न्यायालय, नई दिल्ली ने निरस्त कर दिया है। इसी क्रम में थाईलैंड सरकार से प्रत्यर्पण की स्वीकृति मिलने के बाद अंतर्राष्ट्रीय तस्कर मुनीव्रम मुरूगेसन को भारत लाया गया। वर्तमान में वह दिल्ली की तिहाड़ जेल में निरुद्ध है। आरोपी मुरूगेसन के विरुद्ध अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वन्यजीव तस्करी के कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

### भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश के सभी बूथों पर सुनेंगे प्रधानमंत्री जी के 'मन की बात' कार्यक्रम

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम को 31 मई रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शाजापुर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक श्री हेमंत खण्डेलवाल बैतूल एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह खण्डवा जिले में श्रवण करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को प्रात: 11 बजे शुजालपुर विधानसभा के बूथ क्र. 258, जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री हेमंत खण्डेलवाल बैतूल विधानसभा के खे?ी सावलीग? मंडल के बूथ क्रमांक 223, ग्राम खे?ी सांवलीग? में श्री ओमकार पवार के कृषि फॉर्म पर एवं भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह मांधाता विधानसभा के ग्राम भोसली, बूथ क्र. 51 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम को कृषकों, भाजपा कार्यकर्ताओं तथा स्थानीयजनों के साथ सुनेंगे। इसी तरह प्रदेश शासन के मंत्रीगण, पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता प्रदेश भर के अलग-अलग बूथों पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनेंगे।

# युवा देश की आशा और सामर्थ्य: राज्यपाल पटेल

### भावी जीवन में संवेदना के साथ उत्कृष्टता पर बल दे राज्यपाल सिस्टेक ग्लोरी समारोह में हुए शामिल

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि युवा हमारे देश की आशा और सामर्थ्य हैं। उनके विचार और चरित्र ही देश का भविष्य तय करेंगे। जरूरी है कि हमारे युवा जो भी कार्य करें उसमें उत्कृष्टता और संवेदना पर विशेष बल दें। उन्होंने कहा कि जीवन में संवेदना का भाव ही सबसे महत्वपूर्ण है। ममता और करुणा का मोल पैसों से कहीं ज्यादा है। इसलिए भावी जीवन में सफलता की ऊंचाईयों पर च?ते कभी भी उन लोगों को नहीं भूलें जिन्होंने आपका सहयोग किया है।

राज्यपाल श्री पटेल शनिवार को रविन्द्र भवन के हंस ध्वनि सभागार में आयोजित सिस्टेक ग्लोरी समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। राज्यपाल का कार्यक्रम में शॉल और स्मृति चिन्ह् भेंट कर अभिनन्दन किया गया। प्रारम्भ में राज्यपाल श्री पटेल ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि जीवन में हर पहलु के दो पक्ष होते हैं। सफलता सही दिशा में सही प्रयासों में है। उन्होंने कहा कि सफलता अकेले की नहीं होती है। समाज के अनेक लोगों का प्रत्यक्ष और परोक्ष रुप से योगदान होता है। उन्होंने एक दृष्टांत के माध्यम से बताया कि जीवन में कभी भी कोई ऐसा काम नहीं करें जिससे माता-पिता को कष्ट हो। उन्होंने कहा कि जीवन में उतार-च?ाव आना स्वाभाविक है। निष्ठावान प्रयास ही सबसे महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि ग्लोरी आयोजन केवल नौकरी प्राप्त करने का उत्सव नहीं है। जीवन में नई जिम्मेदारियों और नए संकल्पों की शुरुआत का भी प्रसंग है। प्लेसमेंट प्राप्त करने वाले युवाओं का दायित्व है कि भावी जीवन में अपने ज्ञान और प्रतिभा के उपयोग से गरीब और वंचित लोगों के जीवन में खुशहाली लाने के समाज के प्रयासों में योगदान दे। आपकी मेहनत और ईमानदारी से ही आपकी व्यक्तिगत, संस्था की और देश की खुशहाली और उन्नति होगी। देशभक्ति का सबसे प्रभावी तरीका सेवा भाव और समर्पण के साथ अपने कार्यों और कर्तव्यों को करना है।

सागर समूह के चेयरमैन श्री सुधीर अग्रवाल ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत की उन्नति के लिए क?ा परिश्रम ही एकमात्र तरीका है। उन्होंने कहा कि कर्म का फल अवश्य मिलता है। समूह के प्रबंध संचालक श्री सिद्धार्थ सुधीर अग्रवाल ने संस्थान की कार्य संस्कृति से प्रेरणा प्राप्त करने के लिए विद्यार्थियों को प्रेरित किया। उन्होंने दृष्टांत के द्वारा बताया कि सकारात्मक दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है। इसलिए असफलताओं से कभी भी घबराएं नहीं। स्वागत उद्बोधन निदेशक डा. ज्योति देशमुख ने दिया। आभार प्रदर्शन ग्रुप हेड कॉरपोरेट रिलेशंस सुश्री प्राची श्रीवास्तव ने किया।

# नदियों के उद्गम स्थलों को स्वच्छ और सुरक्षित रखना हम सभी का कर्तव्य: मंत्री पटेल

### अमरकंटक धाम में तीन दिवसीय 'स्वच्छता व कुण्ड सेवा अभियान में स्वयं किया श्रमदान

**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि माँ नर्मदा केवल आस्था की प्रतीक नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन और अस्तित्व का आधार हैं। हमारी नदियों के उद्गम स्थलों को स्वच्छ, सुरक्षित और समृद्ध बनाए रखने में प्रत्येक नागरिक को अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए। मंत्री श्री पटेल ने यह विचार अमरकंटक धाम स्थित माँ नर्मदा नदी के पावन उद्गम स्थल पर 29 से 31 मई तक आयोजित इस विशेष स्वच्छता अभियान में श्रमदान के दौरान व्यक्त कियें। मंत्री श्री पटेल ने विशेष बल देते हुए कहा कि नदियों का संरक्षण केवल धार्मिक दायित्व नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के सुरक्षित जीवन का आधार है, क्योंकि यदि आज हम जल स्रोतों और उद्गम स्थलों को संरक्षित करेंगे, तभी आने वाली पीढ़ियाँ जल संकट से बच सकेंगी।

मंत्री पटेल ने स्वयं उपस्थित होकर जनभागीदारी के साथ सक्रिय रूप से श्रमदान किया। मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं निर्विकार पथ के सेवाभावी कार्यकर्ताओं के सहयोग से संचालित इस अभियान में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने हिस्सा लिया। सभी ने मिलकर उद्गम और कुण्ड क्षेत्र की स्वच्छता, संरक्षण तथा सेवा कार्यों में अपना योगदान दिया, जिससे यह अभियान क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का एक बड़ा माध्यम बनकर उभरा है।

उल्लेखनीय है कि मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल लंबे समय से जल संरक्षण, जल स्रोतों के संवर्धन और प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि %जल गंगा संवर्धन अभियान% के माध्यम से पूरे प्रदेश में जल संरचनाओं के पुनर्जीवन, नदियों की स्वच्छता और जनजागरण के कार्यों को व्यापक गति मिली है। अमरकंटक में माँ नर्मदा के उद्गम स्थल पर किया गया यह श्रमदान उसी पर्यावरण-संरक्षण के संकल्प का जीवंत उदाहरण है, जो समाज में सकारात्मक चेतना का संचार करेगा और जनसहभागिता से जल संरक्षण के इस प्रयास को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा।

# मध्य भारत की हृदयस्थली में नई संभावनाओं को साकार करने वाला राजमार्ग: बोरगांव से शाहपुर तक

### म.प्र. महाराष्ट्र के बीच बड़ेगा सम्पर्क

### म.प्र. के केले, कपास, गेहूं, सोयाबीन का विदेशी बाजार में पहुंचना होगा आसान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के तेजी से विकसित हो रहे कृषि क्षेत्र और मध्य भारत के केले के प्रमुख केन्द्र खंडवा और बुरहानपुर में प्रतिवर्ष 1.7 मिलियन मीट्रिक टन से अधिक केले का उत्पादन होता है। यहां से प्रतिदिन 140 भारी-भरकम ट्रक घरेलू बाजारों और अंतरराष्ट्रीय बंदरगाहों तक केले पहुंचाते हैं। वर्षों से इन ट्रकों को संकरी और जर्जर सड़कों से होकर गुजरना पड़ता था। इससे आवागमन धीमा हो जाता था, यात्रा का समय बढ़ जाता था और परिवहन एक कठिन कार्य बन जाता था। लेकिन महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के तहत एनएच-753एल के बोरगांव से शाहपुर खंड के आधुनिक चार-लेन वाले राजमार्ग गलियारे के रूप में विकसित होने से अब यह स्थिति बदलने वाली है।

एनएच-753एल का बोरगांव से शाहपुर तक का खंड रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है और यह महाराष्ट्र में बोरगांव बुजुर्ग से मुक्तईनगर तक फैले एक बड़े गलियारे का हिस्सा है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा विकसित इस गलियारे से मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र के बीच अंतर-राज्यीय संपर्क को नया रूप मिलने की उम्मीद है। लगभग 944 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से विकसित किया जा रहा यह गलियारा लगभग 47 किलोमीटर लंबा है और इसका 85 प्रतिशत निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। पूर्ण रूप से निर्मित होने के बाद, यह मार्ग इंदौर और छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) के बीच एक तेज, सुरक्षित एवं अधिक कुशल वैकल्पिक संपर्क के रूप में उभरेगा और क्षेत्रीय लॉजिस्टिक्स नेटवर्क को मजबूत करते हुए अंतर-राज्यीय परिवहन की एक प्रमुख धुरी बन जाएगा।

यह परियोजना केले, कपास, सोयाबीन और गेहूं जैसी फसलों के लिए प्रसिद्ध कृषि प्रधान क्षेत्रों से होकर गुजरती है।

# मध्यप्रदेश भवन में 2 दिवसीय समर वर्कशॉप का सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन

**भोपाल।** नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित मध्यप्रदेश भवन में आयोजित 2 दिवसीय समर वर्कशॉप का समापन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ गत दिवस हुआ। समापन समारोह में सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री शिवशेखर शुक्ला ने प्रतिभागियों के उत्साह और रचनात्मक प्रतिभा की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों और युवाओं के सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पद्मश्री कालूराम बामनिया द्वारा प्रस्तुत कबीर गायन तथा श्री महेश कुलश्रेष्ठ की मनमोहक 'फूलपाती' नृत्य प्रस्तुति रही। इन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित दर्शकों को मध्यप्रदेश की समृद्ध लोक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराया। कार्यशाला में प्रतिभागियों के लिए हीटलेस कुकिंग (बिना आग के खाना बनाना), फैब्रिक पेंटिंग, मधुबनी पेंटिंग कला तथा डीआईवाई (DIY) क्रॉफ्ट सत्र जैसी रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

समारोह में ट्रेज़र हंट प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए तथा कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र वितरित कर सम्मानित किया गया। दो दिनों तक चली इस कार्यशाला ने प्रतिभागियों को सीखने, सृजनात्मकता विकसित करने और मनोरंजन के साथ नई गतिविधियों का अनुभव प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम का समापन उत्साह, उमंग और मधुर स्मृतियों के साथ हुआ।

# मध्यप्रदेश ने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की ट्रांसमिशन योजना क्राइटेरिया का किया पालन

### शुजालपुर में ऊर्जीकृत हुआ 200 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर -ऊर्जा मंत्री श्री तोमर

**भोपाल।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि मध्यप्रदेश ने केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की ट्रांसमिशन प्लानिंग क्राइटेरिया का पालन करते हुए शाजापुर जिले के 220 के वी सब स्टेशन शुजालपुर मे एक नया 200 एमवीए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया है। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी ने सीईए की गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित करते हुए इस ट्रांसफार्मर को ऊर्जीकृत करने में सफलता प्राप्त की है।

#### शाजापुर जिले की ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी में हुई वृद्धि

एमपी ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता उज्जैन श्री अनिल सक्सेना ने जानकारी दी कि इस क्षमता वृद्धि से शुजालपुर 220 के वी सब स्टेशन की क्षमता बढ़कर 793 एम वी ए की हो गई है, वहीँ शाजापुर जिले की ट्रांसफार्मेशन कैपेसिटी बढकर 1926 एमवीए की हो गई है। शाजापुर जिले मे एमपी ट्रांसको अपने 11 सबस्टेशनों के माध्यम से विद्युत पारेषण करती है जिसमें 220 केवी के दो सब स्टेशन शुजालपुर, शाजापुर एवं 132 के वी के 9 सबस्टेशन पोलाइकलां, अरनिया कलां, मक्सी, बेरछा, मोहन बादोदिया, कालापीपल, शुजालपुर, शाजापुर, पनवाडी शामिल हैं।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विजन को साकार कर रहा ग्लोबल स्किल पार्क

**भोपाल।** संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क कौशल विकास की उस नई कार्य संस्कृति का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है, जहां प्रशिक्षण केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को वैश्विक उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश में विकसित हो रहा कौशल तंत्र अब युवाओं को अंतरराष्ट्रीय रोजगार अवसरों से भी जोड़ रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा प्रदेश में कौशल विकास को औद्योगिक विकास, निवेश और रोजगार से जोड़ते हुए युवाओं के लिए नए अवसर निर्मित किए जा रहे हैं। इसी दिशा में कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल के मार्गदर्शन में प्रदेश में कौशल आधारित प्रशिक्षण व्यवस्थाओं को अधिक उद्योगोन्मुख और रोजगारपरक बनाया गया है, जिसके सकारात्मक परिणाम अब सामने आने लगे हैं।

# मध्यप्रदेश ने रचा इतिहास, सिटीजन फीडबैक में देश में प्रथम स्थान पर

### 35.69 लाख से अधिक सजग नागरिकों ने दर्ज कराया ऑनलाइन फीडबैक

### स्वच्छता और डिजिटल इंडिया के क्षेत्र में प्रदेश का अभूतपूर्व कीर्तिमान

**भोपाल।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के %स्वच्छ भारत% के संकल्प को धरातल पर अक्षरश: चरितार्थ करने तथा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने स्वच्छता के क्षेत्र में पुन: एक स्वर्णिम अध्याय लिखा है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 के अंतर्गत संचालित देशव्यापी %सिटीजन फीडबैक% (नागरिक प्रतिक्रिया) अभियान में, वर्ष 2011 की जनगणना के मानदंडों के आधार पर, मध्यप्रदेश समस्त राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों में देश में प्रथम स्थान पर रहा है। प्रदेश के 35.69 लाख से अधिक जागरूक नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यमों से अपनी सहभागिता दर्ज कराकर न केवल स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाई है, अपितु यह भी सिद्ध कर दिया है कि डिजिटल इंडिया के युग में मध्यप्रदेश के नागरिक तकनीकी रूप से आगे हैं।

नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रदेशवासियों और अथक परिश्रमी %सफाई मित्रों% का अभिनंदन किया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की अटूट जागरूकता और विभागीय अमले की कर्तव्यनिष्ठता के समन्वय से ही प्रदेश स्वच्छता के उच्च शिखर पर निरंतर गतिमान है। राज्य स्तर पर स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 की टीम द्वारा इस वर्ष एक अनूठी %360 डिग्री रणनीति% का क्रियान्वयन किया गया।

# मिशन वात्सल्य की चाइल्ड हेल्पलाइन-1098 बनी संकटग्रस्त बच्चों का सशक्त सुरक्षा कवच

### 24×7 मुस्तैदी- वित्तीय वर्ष 2025-26 में 30 हजार से अधिक बच्चों को मिला नया जीवन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के लगभग ढाई साल के कार्यकाल में राज्य ने महिला एवं बाल विकास के क्षेत्र में संवेदनशीलता और गवर्नेंस के एक नये प्रतिमान स्थापित किये है। उनके नेतृत्व में %चाइल्ड हेल्पलाइन-1098% प्रदेश के संकटग्रस्त, शोषित और बेसहारा बच्चों के लिए एक बेहद सशक्त और अभेद्य सुरक्षा कवच बनकर उभरी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर राज्य के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा %मिशन वात्सल्य% योजना में चाइल्ड हेल्पलाइन 24 घंटे कार्य कर रही है। यह हेल्पलाइन प्रदेश में हजारों बच्चों को हिंसा, बाल श्रम और मानव तस्करी के चंगुल से छुड़ाकर उनका पुनर्वास सुनिश्चित कर रही है। सरकार के इस प्रभावी कदम से न केवल संकट के समय बच्चों को आपातकालीन मदद मिल रही है, बल्कि उन्हें एक सुरक्षित और भयमुक्त वातावरण भी मिल रहा है।

इस हेल्पलाइन की व्यापकता और रिस्पॉन्स टाइम में अभूतपूर्व सुधार आया है, जिसका अंदाजा विभागीय आंकड़ों से साफ लगाया जा सकता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस हेल्पलाइन से रिकॉर्ड 30 हजार 810 संकटग्रस्त बच्चों को सहायता पहुंचाई गई। वहीं, वर्तमान वित्तीय वर्ष 2026-27 में भी हेल्पलाइन की टीम पूरी मुस्तैदी से डटी हुई है, जहां महज़ 15 मई तक ही 4 हजार 376 बच्चों तक त्वरित मदद पहुंचाई जा चुकी है। अब तक 2 हजार 367 मामलों का पूरी तरह से निराकरण किया जा चुका है, जबकि शेष बचे मामलों में जिला स्तर पर फॉलो-अप कार्रवाई तेजी से जारी है।

#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जीरो टॉलरेंस नीति

मिशन वात्सल्य के अंतर्गत नए स्वरूप में संचालित इस हेल्पलाइन को और अधिक हाईटेक और चुस्त रिस्पॉन्स सिस्टम से लैस किया गया है। हेल्पलाइन पर आने वाली कॉल्स को उनकी गंभीरता के आधार पर 2 हिस्सों में बांटा जाता है। कोई बच्चा किसी गंभीर या तत्काल खतरे में होता है, तो मुख्यमंत्री डॉ. यादव की जीरो टॉलरेंस नीति में उस आपातकालीन मामले को तुरंत रिस्पॉन्स सपोर्ट सिस्टम यानी आरएसएस-112 को ट्रांसफर किया जाता है, जिससे गृह विभाग और पुलिस की रेस्क्यू टीम मौके पर पहुंच सके। गैर-आपातकालीन मामलों को संबंधित जिला बाल संरक्षण इकाई (DCPU) को प्रेषित किया जाता है।

स्वामी **निष्ठावान एडवरटाइजर्स एण्ड मीडिया प्रा.लि.**, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक श्रीमती रीता सिंह द्वारा प्रदेश वॉच मीडिया ग्रुप, 11, प्रेस कॉम्प्लेक्स, एम.पी. नगर-462023 भोपाल, म.प्र. से मुद्रित एवं फ्लैट नंबर 601, ए-2, फॉर्चून कस्तूरी, होशंगाबाद रोड, भोपाल-11 (म.प्र.) से प्रकाशित।
***स्थानीय संपादक: ज्ञान सिंह बघेल।** पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र भोपाल रहेगा।), फोन: 9685229488, ई-मेल: janjanjagran@gmail.com **आर.एन.आई.नं. 58842/94**